आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

## इंदौर में 60 घंटे में कार्डियक अरेस्ट से 11 मौत

**इंदौर, ईएमएस।** इंदौर में बीते 60 घंटों में कार्डियक अरेस्ट से 11 लोगों की मौत हो गई, जो काफी चिंता का विषय है। चौंकाने वाली बात यह कि इनमें 23 वर्षीय व 32 वर्षीय युवा भी हैं जिन्हें न कोई बीमारी थी और न ही कोई व्यसन। इनमें से किसी को सुबह सीने में दर्द हुआ, तो किसी को गैस्ट्रिक पैन का एहसास हुआ। तो एक की आधी रात को नींद में ही में मौत हो गई।

## अमेरिका की सोमालिया पर एयर स्ट्राइक

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिकी सेना ने शुक्रवार को सोमालिया पर एयर स्ट्राइक की। हमले में लगभग 30 इस्लामवादी अल शबाब लड़ाके मारे गए। यूएस अफ्रीका कमांड ने इसकी जानकारी दी। यह हमला सोमालिया की राजधानी मोगादिशू से 260 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में गलकाड के पास हुआ।

● वर्ष- 16 अंक 349 -● जबलपुर ● रविवार, 22 जनवरी, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935



# नर्मदा नदी में स्वच्छ पेयजल ही प्रवाहित होगा - महापौर

## नाले के पानी को पीने योग्य बनाने तटों पर शीघ्र लगेंगे शुद्धीकरण संयंत्र : जगतबहादुर सिंह अन्नू

**जबलपुर ,यशभारत । महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने संकल्प दोहराया कि नर्मदा नदी में स्वच्छ पेयजल ही प्रवाहित होगा और *दीपावली के पूर्व नदी में मिलने वाले गंदे नालों के पानी को पीने योग्य कर दिया जायेगा ।**

उल्लेखनीय है कि मॉ नर्मदा नदी को प्रदूषण रहित बनाने तथा शुद्धिकरण के लिए महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने संकल्प के साथ महापौर पद का पदभार ग्रहण करते हुए 07 अगस्त 2022 को आयुक्त को पत्र लिखकर शीघ्र कार्यवाही की मॉग की थी। जिसपर महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' के द्वारा लगातार मॉनीट्रिंग की गयी तथा मॉ नर्मदा को प्रदूषण मुक्त रखने की दिशा में ठोस कदम उठाए गये, जिसके परिणाम स्वरूप निगम प्रशासन द्वारा अभी तक 16 करोड़ से अधिक राशि के टेण्डर जारी कर दिये गए हैं। इस संबंध में महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने बताया कि दीपावली के पूर्व शतप्रतिशत मॉ नर्मदा नदी में मिलने वाले गंदे नाला-नालियों के पानी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाकर स्वच्छ जल के रूप में परिवर्तित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि एक बूंद भी गंदा पानी मॉ नर्मदा के आंचल में जान नहीं दूंगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ जल ही मॉ नर्मदा में प्रवाहित होगा। महापौर श्री अन्नू ने बताया कि मॉ नर्मदा को निर्मल करने की दिशा में कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि निगम प्रशासन द्वारा मॉ नर्मदा में मिलने वाले सभी नाला-नालियों को चिन्हित कर लिया है, ऐसे नाले के पानी को एस.टी.पी. प्लांट के माध्यम से स्वच्छ कर मॉ नर्मदा में प्रवाहित किया जायेगा। जिससे मॉ का आंचल भी निर्मल रहेगा और इस तरह से हम नर्मदा नदी को साफ और स्वच्छ बनाये रख सकेगें। इस दिशा में तेजगति से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के संबंध में सभी कार्यवाहियॉ प्रारंभ कर दिया है, जल्द ही शहरवासियों को जमीनी स्तर पर कार्य होता हुआ दिखाई देगा। महापौर श्री अन्नू ने अपने संकल्प को दोहराते हुए आज पुनः कहा कि दीपावली त्यौहार के पूर्व निर्मल मॉ नर्मदा नदी को साफ और स्वच्छ होते हुए मॉ के तट को सवा लाख दीपों के श्रृंगार से सजाकर दीपोत्सव मनाया जायेगा। महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने कहा कि शहर विकास के लिए जो कहा वो किया, आगे भी जो कहूॅगा वो करके दिखाऊॅगा। हमारा यह भी प्रयास होगा कि हम जनता जनार्दन की सेवा करते हुए उनकी अपेक्षाओं की कसौटी पर खरा उतरूॅ, इसके लिए मैं 24 घंटे सेवा के लिए तत्पर हूँ।



**16 करोड़ राशि के टेंण्डर जारी**

**सवा लाख दिये जलाकर मनाया जायेगा दीपोत्सव**



## पत्नी के प्रेमी का फरसे से गला काटा

# शव के 20 टुकड़े कर फेंके


**गाजियाबाद में सनसनीखेज वारदात**

**गाजियाबाद ,ईएमएस।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले से सनसनीखेज खुलासा हुआ है। खोड़ा में रिक्शा चालक मीलाल (34) ने पत्नी पूनम के प्रेमी अक्षय (24) की फरसे से गला काटकर हत्या कर दी और फिर शव के 20 टुकड़े कर दिए। इन टुकड़ों को तीन बोरियों में भर रिक्शा से ले जाकर घर से एक किलोमीटर दूर नहर किनारे झाड़ियों में फेंक आया। इसके दो दिन बाद शनिवार शाम को शव मिलने पर पुलिस ने शक के आधार पर मीलाल से पूछताछ की तो जुर्म कुबूल करते हुए उसने बताया कि उसने ही पूनम से कहकर अक्षय को बुलवाया था और घर में सोने के लिए कहा था। सोते हुए ही उसकी जान ली। हत्या से लेकर शव ठिकाने लगाने तक की साजिश पहले ही तैयार कर चुका था। उसे इसका पछतावा नहीं है । अक्षय मूलरूप से राजस्थान के कोतपुतली का निवासी था। एक साल पहले तक खोड़ा में ही रहता था और रिक्शा चलाता था। उसका मीलाल के घर आना-जाना था। इसी दौरान उसकी नजदीकी मीलाल की पत्नी पूनम से बढ़ गई। मीलाल मूल रूप से संभल का है लेकिन काफी समय से खोड़ा के आदर्श नगर सोम बाजार में अमन बेंक्केट हॉल वाली गली में किराये पर रहता है। मीलाल ने पुलिस पूछताछ में बताया कि कुछ दिन पहले उसकी सात साल की बेटी रेखा घर में ही झुलस गई थी। उसका दिल्ली के गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल में उपचार चल रहा है। पूनम को रोज बच्ची के पास जाना पड़ता था जबकि वह खुद रिक्शा चलाने निकल जाता था। पूनम को चिंता हो रही थी कि घर में दो बेटियों और बेटे के पास कोई नहीं रहता है। मीलाल का कहना है कि उसकी चिंता को देख उसने साजिश रच ली। पत्नी से कहा कि वह कुछ दिनों के लिए राजस्थान से अक्षय को बुला ले। पत्नी उसकी बातों में आ गई और फोन करके अक्षय को बुला लिया। वह 19 जनवरी की सुबह पहुंच गया था। मीलाल ने पुलिस को बताया कि वह साजिश के तहत पूरी तैयारी कर चुका था। फरसा पहले ही घर में लाकर रख लिया था। इंतजार सिर्फ सही मौका मिलने का था। उसने पूनम से कहा कि वह बेटी के पास अस्पताल चली जाए। वह चली गई। घर पर दो बेटियां और अक्षय रह गए। वह रिक्शा चलाकर लौटा तो अक्षय घर पर ही मिला। इसके बाद अक्षय सोने चला गया। उसी कमरे में बच्चे सो रहे थे। मीलाल का कहना है कि वह जागता रहा। रात के 11 बजे उसने देखा कि बेटियों को गहरी नींद आ गई है। अक्षय भी सोया हुआ है। वह फरसा लेकर पहुंचा और पूरी ताकत के साथ उसकी गर्दन पर वार कियाऔर फिर शव के 20 टुकड़े कर दिए। झाड़ियों में फेंक दिए।

### मुश्किल में अमेरिकी राष्ट्रपति

# जो बाइडन के घर चली 12 घंटे तक तलाशी

**वाशिंगटन ,एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की मुश्किलें आए दिन बढ़ती जा रही हैं। घर से गोपनीय दस्तावेज मिलने के मामले में उनकी परेशानी कम होती नहीं दिख रही है। दरअसल, जो बाइडन के घर पर एक बार फिर से छापेमारी की गई है। अमेरिकी न्याय विभाग की छापेमारी के दौरान बाइडन के घर से छह और गोपनीय दस्तावेज मिले हैं जो कि उनकी मुश्किलें और बढ़ा सकती हैं। इस बात की पुष्टि बाइडन के निजी वकील बॉब बाउर ने की है। वकील बॉब बाउर ने बताया कि यह



तलाशी करीब 12 घंटे तक चली।बाइडन के वकील के मुताबिक शुक्रवार को न्याय विभाग के अधिकारियों ने गोपनीय दस्तावेजों की तलाशी के लिए जो बाइडन के डेलवेयर स्थित घर और विलमिंगटन स्थित पूर्व ऑफिस में छापेमारी की थी। गोपनीय दस्तावेज उस वक्त के हैं जब जो बाइडन उप राष्ट्रपति थे। आरोप है कि वह पद छोड़ने से पहले गोपनीय दस्तावेज अपने साथ ले गए थे। वहीं जांच को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि नवंबर में उनके निजी कार्यालय में गोपनीय दस्तावेज पाए जाने से पहले उनका खुलासा नहीं करने पर कोई पछतावा नहीं है। उन्होंने कहा कि हम पूरी तरह से सहयोग कर रहे हैं और इसे जल्दी से हल करने के लिए उत्सुक हैं।

### मुख्यमंत्री का डुमना पर आत्मीय स्वागत



**जबलपुर,यशभारत।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आज भोपाल से वायुयान द्वारा डुमना विमानतल पहुँचने पर स्वागत किया गया । मुख्यमंत्री का ट्रांजिट विजिट के दौरान अल्प प्रवास पर आज सुबह 11.35 बजे डुमना आगमन हुआ था । विमानतल पर श्री चौहान का स्वागत विधायक अशोक रोहाणी, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, आशीष दुबे एवं अखिलेश जैन ने किया । इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक उमेश जोगा, उप महानिरीक्षक पुलिस आर आर परिहार, कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा भी मौजूद थे । मुख्यमंत्री ने डुमना विमानतल पर तकरीबन पाँच मिनट रुकने के बाद हेलीकॉप्टर द्वारा सिंगरौली प्रस्थान किया ।

## मूंगफली मिल की दीवार गिरने से 4 मजदूरों की मौत

### शिवपुरी जिले में बड़ा हादसा हो

**शिवपुरी, ईएमएस।** मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में एक मिल की दीवार गिरने से चार मजदूरों की दबकर मौत हो गई। हादसे के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मलबे से मजदूरों के शवों को बाहर निकाला। मरने वालों में तीन महिलाएं भी शामिल है। पुलिस ने केस दर्ज कर हादसे की छानबीन शुरू कर दी है। सूत्रों ने बताया कि मिल में यह हादसा उस वक्त हुआ जब मजदूर मूंगफली का दाना बीनने का काम कर रहे थे। अचानक मिल की दूसरी मंजिल की दीवार मजदूरों के ऊपर भरभराकर गिर गई। सभी मजदूर इसके नीचे दब गएको के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, करेसा झाली फोरलेन हाइवे पर ग्राम शिवपुरा के पास दशरथ साहू की मूंगफली की दो मंजिला सील है। इस मील में मजदूर मूंगफली का दाना बीनने का काम कर रहे थे। इसी दौरान मील की दूसरी मंजिल की दीवाल मजदूरों के ऊपर गिर गई। मलबे के नीचे दबने से चार मजदूरों की मौत हो गई।

पहले ही वर्ष में लाखों लोगों की पसंद बना

अरुणोदय पंचांग

घर-घर का पंडित बना अरुणोदय पंचांग






## सीजेआई बोले– हमें खामियां ढंकने की जरूरत नही

### युवा वकीलों से कहा- अदालती सिस्टम आम लोगों के लिए; सिस्टम लोगों से ऊपर नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी । चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा है कि हमें अपने सिस्टम की खामियों को ढंकने की जरूरत नहीं है । हमें इसे सामने लाकर इसकी मरम्मत करने की कोशिश करनी चाहिए । उन्होंने कोर्ट से जुड़ी सूचनाएं मिलने में आने वाली परेशानियां दूर करने के लिए तकनीक के इस्तेमाल पर जोर दिया । साथ ही कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसलों की कॉपी जल्द ही हिंदी समेत देश की दूसरे भाषाओं में भी मिलेगी । मुंबई में काउंसिल ऑफ महाराष्ट्र एंड गोवा के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे CJI ने कहा कि कहा कि देश का अदालती सिस्टम लोगों के लिए बनाया गया है और सिस्टम व्यक्ति के ऊपर नहीं हो सकता है । उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचे युवा वकीलों को संबोधित करते हुए यह बात कही । उन्होंने कहा– मैं कामना करूंगा कि आप ऊंची उड़ान भरें और अपने सपने साकार करें ।अवसर खास लोगों के लिए न हों, सबको मौका देना जरूरीकोर्ट में सोशल गैदरिंग पर जोर देते हुए CJI ने कहा– युवा और नए वकीलों को जितने ज्यादा मौके दिए जाएंगे, वकालत का पेशा उतना ही समृद्ध होगा । हमें अवसर को कुछ खास लोगों तक ही सीमित नहीं रखना चाहिए ।

### खेल मंत्रालय का सख्त एक्शन

## कुश्ती संघ के सभी कामों पर लगाई रोक

# असिस्टेंट सेक्रेटरी भी सस्पेंड

**नई दिल्ली ईएमएस।** भारतीय कुश्ती महासंघ और पहलवानों के बीच दंगल में खेल मंत्रालय को रेफरी के तौर पर एक्शन में देखा जा रहा है। चार दिन से लगातार खेल पूरे मामले में एक्टिव है और कड़े फैसले लेने से नहीं हिचक रहा है. शनिवार को खेल मंत्रालय ने फिर दो बड़े फैसले लिए.। शाम को WFI के असिस्टेंट सेक्रेटरी विनोद तोमर को अनुशासहीनता के आरोप में सस्पेंड कर दिया गया है. इसके साथ ही पहलवानों के आरोपों की जांच पूरी होने तक WFI की चल रही गतिविधियों को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है. खेल मंत्रालय को लगातार कुश्ती महासंघ पर शिकंजा कसते देखा जा रहा है. माना जा रहा है कि ये एक्शन आने वाले दिनों में WFI अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की मुश्किलें बढ़ने की तरफ संकेत दे रहे हैं. एक दिन पहले ही मंत्रालय ने महासंघ को खास हिदायत भी दी थी. ववादों के बीच भारतीय कुश्ती संघ की आज होने वाली AGM की



बैठक को रद्द कर दिया है। संघ के अध्यक्ष बृजभूषण के बेटे प्रतीक ने बताया कि यह बैठक सुबह 10 बजे अयोध्या में होनी थी। लेकिन, अब इसे रद्द कर दिया गया है। इसके अलावा, गोंडा में चल रही कुश्ती की नेशनल चैंपियनशिन को भी रद्द कर दिया गया है। बैठक कैंसिल होने के बाद देशभर से आए पदाधिकारी वापसी कर रहे हैं। बैठक में जनरल काउंसिल के 54 सदस्यों को शामिल होना था। सूत्रों के मुताबिक, फेडरेशन के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह 4 हफ्ते तक मीडिया में कोई बयान नहीं देंगे। WFI की कोई बैठक या कोई कार्यक्रम इस दौरान नहीं होगा। बता दें कि दिल्ली के जंतर-मंतर पर 18 जनवरी को विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक समेत 30 पहलवानों ने धरना देना शुरू किया था. इनका आरोप था कि महिला पहलवानों का यौन शोषण किया जाता है. उनके साथ अभद्रता की जाती है और परेशान किया जाता है. ये सारे आरोप कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह, कोच और रेफरी पर लगाए गए थे. इस मामले में बुधवार को ही खेल मंत्रालय ने WFI से 72 घंटे में स्पष्टीकरण देने के आदेश दिए थे।

## 5 हजार से अधिक धावकों ने लिया मैराथन में हिस्सा

# 4 किमी उत्साह से दौड़े बच्चे युवा, बुजुर्ग और महिलाएं






**जबलपुर,यशभारत।** सांसद खेल महोत्सव के ग्यारहवें दिन मैराथन का आयोजन रानीताल स्टेडियम से किया गया। रानीताल स्टेडियम से प्रारम्भ हुई मैराथन दौड़ में पांच हजार से अधिक धावकों ने हिस्सा लेकर 4 किमी की दौड़ लगाई।मैराथन रानीताल से गढ़ाफाटक, घमंडी चौक, लॉर्डगंज, मालवीय चौक, यातायात थाना, राइट टाउन, गोलबाजार होते हुए पुनः रानीताल स्टेडियम में समाप्त हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध अभिनेता और गोरखपुर से सांसद रविकिशन की फ्लाइट कैंसल होने की वजह से उन्होंने मोबाईल द्वारा ही जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा प्रधानमंत्री जी के फिट इंडिया मूमेंट को हमारे सांसद राकेश सिंह जी बहुत अच्छे से ही धरातल पर उतारा है और एक अभिनय खेल महोत्सव का आयोजन किया है जिसकी चर्चा पूरे देश मे हो रही है। उन्होंने अपनी ओर से सभी को शुभकामनाएं देते हुए जबलपुर न आने के कारण क्षमा मांगते हुए अगले किसी कार्यक्रम में आने को कहा साथ ही उन्होंने भोजपुरी में कहा कि विरोधियों की जिंदगी झंडवा फिर भी विरोधियों को घमंडवा । इस अवसर पर सांसद राकेश सिंह ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा आज मैराथन में शामिल बड़ी संख्या में युवाओं के साथ लोग शामिल हुए है और सांसद खेल महोत्सव में प्रतिदिन खिलाड़ियों के साथ जबलपुर की जनता ने शामिल होकर खेल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई है। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री आशीष दुबे, नगर अध्यक्ष जीएस ठाकुर, ग्रामीण अध्यक्ष रानू तिवारी, श्याम महाजन, विधायक अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, पूर्व विधायक शरद जैन, सदानंद गोडबोले, विनोद मिश्रा आदि उपस्थित थे।

### समापन समारोह :पुरस्कार वितरण कल

सांसद खेल महोत्सव का समापन समारोह एवँ पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम नेताजी सुभाषचंद्र बोस जी की जयंती पर कल सोमवार 23 जनवरी को प्रातः 11 बजे केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर एवँ केंद्रीय संसदीय कार्य राज्य मंत्री श्री अर्जुनराम मेघवाल के आतिथ्य में आयोजित है। कल ही क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच एवँ तीरंदाजी का आयोजन भी होगा।

## हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में विराट आयोजन : बच्चों का भविष्य मातृशक्ति से ही संभव

# गोद भराई ,सुहागलों में नशा मुक्ति का दिलाया संकल्प





**जबलपुर, यशभारत।** भेड़ाघाट स्थित हरे कृष्णा आश्रम में चल रहे निःशुल्क माघ मास कल्पवास के 8 वे वर्ष मैं 5000 महिलाओं की सुहागले एवं गोद भराई का कार्यक्रम ज्ञानेश्वरी दीदी , मैत्री दीदी के सानिध्य में नशा मुक्ति का संकल्प के साथ आयोजित हुआ। ज्ञानेश्वरी दीदी ने सभी मातृ शक्तियों को गांव में घर में कोई नशा ना करें इसका नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया। राष्ट्रपति द्वारा दो बार वीरता पुरस्कार प्राप्त ब्रिगेडियर संजय कुमार अग्रवाल ने मातृशक्ति का देश की स्वतंत्रता मैं योगदान बताया साथ ही सेना में भर्ती करआत्म निर्भर बने इसकी व्याख्या की। मंगला मुखी समाज की हीरा दीदी कैट शर्मा बबली तिवारी काजल दीदी करिश्मा चौहान के द्वारा जिन माताओं बहनों को शादी उपरांत मातृत्व की प्राप्ति नहीं हुई है किन्नर संतो के द्वारा गोद भराई की रस्म पूरी की गई भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ । इस अवसर पर बड़ी खेरमाई ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल योगेंद्र दुबे कार्यक्रम का संचालन नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल ने किया आभार डॉक्टर शिव शंकर पटेल ने किया कल्पवास में निशुल्क माघ मास कल्पवास में संकीर्तनचार्य पंडित मनमोहन दुबे द्वारा 17 दिन वे व्याख्या की।

# गणतंत्रोत्सव 2023 पर हुई सेना की मिनी मैराथन

### मध्य भारत एरिया की विभिन्न यूनिट के जवान शामिल हुए



**जबलपुर यशभारत।** आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर भारत गणतंत्र दिवस की बेला में आज सुबह भारतीय सेना द्वारा च्मिनी मैराथनज्का आयोजन किया गया है। आयोजन मुख्यालय मध्य भारत क्षेत्र के तत्वावधान में कोबरा इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में किया गया। इस अवसर पर, लेफ्टिनेंट जनरल एमके दास, पी वी एस एम,एस एम , वी एस एम जी ओ सी मध्य भारत क्षेत्र ने सभी को भारत के संविधान के उत्सव की शुभकामनाएं दी।उन्होंने कहा कि आजादी को हमने लंबी क्रांति के बाद प्राप्तकी है। उन्होंने इस तथ्य पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि संविधान लोकतंत्र की आत्माहै, जो प्रत्येक नागरिक के अधिकारों की रक्षा करता है और हमें अपने संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए अपनी प्रतिज्ञा की पुष्टि करने की याद दिलाता है। मिनी मेराथन में 1 एस टी सी, जीआरसी,सीएमएम और जेक आर आर सी के विभिन्न आयु समूहों के 90 उत्साही धावकों कीटीम ने 8 किलोमीटर की मिनी मैराथन दूरी तय की।कार्यक्रम में न केवल वर्दीधारी कर्मियों की सक्रिय भागीदारी देखी गई, अपितु उनके परिवारों ने भी इस कार्यक्रम की सफलता में सक्रिय रूप से योगदान दिया।

# आशा कार्यकर्ताओं को विशेष प्रशिक्षण बताया ,महिला स्वास्थ्य में स्क्रीनिंग का महत्व



**जबलपुर यशभारत।** गत दिवस विजया वूमेन क्लिनिक प्रांगण में आशा कार्यकर्ताओं को विशेष प्रशिक्षण के तहत उन्हें महिला स्वास्थ्य में स्क्रीनिंग का महत्व बताया गया। डॉ कावेरी शॉ पटेल स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ नीना श्रीवास्तव आई एम ए वूमेन्स विंग अध्यक्ष व जायन्ट्स ग्रुप ऑफ जबलपुर सहेली द्वारा आंगनबाड़ी आशा कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई ।इस अवसर पर आशा कार्यकर्ताओं को उच्च रक्तचाप के प्रारम्भिक लक्षण एनीमिया के लक्षण शुगर एवं बी एम आई की जानकारी दी गई साथ मे ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग टेस्ट पैप स्मियर टेस्ट के बारे में जागरूक किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के पूर्व एवं पश्चात आशा कार्यकर्ताओं को प्रश्नोत्तरी भी दी गई एवं उनके नालेज टेस्ट में बढ़ोत्तरी भी की गई । कार्यक्रम मे डॉ जी के मल्होत्रा, डॉ नीना श्रीवास्तव, डॉ कावेरी शॉ पटेल, श्रीमती मीना पटेल, श्रीमती इंदुलता प्यासी, डॉ आरती पटेल, श्रीमती संध्या बीजपुरीया, श्रीमती मनोरम स्वामी श्रीमती पूजा कोष्ठा, सुबोध यादव, हेमंत ब?गईयां, डॉ गौरी देवी ठाकुर, शालिनी चक्रवर्ती, इदरिश मंसूरी आदि उपस्थित थे।

क्रिसमस एवं नूतन वर्ष की शुभकामनाएं
शॉल ही शॉल...
लक्ष्मी एम्पोरियम
• काश्मीरी • प्योरऊल • जमावार • सिप्पीवर्क • कानीवर्क • आरी वर्क •
फैंसी रंग डिज़ाईन
नया स्टॉक उचित दाम
मछरहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें



# खेलो इंडिया खेलो में छात्राओं का जलवा

जबलपुर , यशभारत। श्रीजानकीरमण कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में खेलो इंडिया खेलो के तहत आयोजित किए जा रहे भारतीय परंपरागत खेलों में धीमी साइकिल स्पर्धा एवं रस्साखीच् प्रतियोगिता में छात्राओं का जलवा छाया रहा । छात्र एवं छात्राओं के दो समूह बीए एवं बीकॉम के मध्य हुई रस्साखीच स्पर्धाओं में छात्राओ ने बाजी मारी धीमी साइकिल प्रतियोगिता में बीकॉम ग्रुप की समीक्षा ढीमर प्रथम अंजली सोनी द्वितीय एवं निकिता कुशवाहा तृतीय स्थान पर रही। समस्त प्रतियोगिताए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी के मार्गदर्शन और डॉ आनंद सिंह राणा के संचालन में संपन्न हुई। प्रतियोगिताओं को सम्पन्न कराने में महाविद्यालय के स्टाफ कि ओर से डॉ गंगाधर त्रिपाठी श्री तरुण मिश्रा , श्रीमती राधा झारिया चंद्रकुमार चौबे प्रशान्त् पाठक श्रीमती नीना चौबे श्रीमती राखी बाजपेयी सुश्री प्रियंका यादव सुश्री काजल मानेक सुश्री अनुपमा पाठक श्री मनोज चौरसिया श्री मुकेश श्रीवास्तव हेमंत सोंधिया श्री संजय पांडे श्री गोपाल रैकवार श्री भूपेंद्र अहिरवार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# वार्षिक ज्ञान उत्सव मेराकी 2023 का भव्य आयोजन



**जबलपुर, यशभारत।** संत अलॉयसियस स्वशासी महाविद्यालय, जबलपुर के प्रबंधन एवं कंप्यूटर विभाग द्वारा वार्षिक ज्ञान उत्सव मेराकी 2023 का भव्य शुभारंभ किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फा. वलन अरासू का संदेश इस प्रकार था यह उत्सव सही अवसर है जहां छात्र रचनात्मकता, ज्ञान निर्माण और खेल भावना के प्रति अपने कौशल, ऊर्जा और उत्साह का प्रदर्शन कर सकते हैं। इसके लिए आयोजकों को शुभकामनाएँ।इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के 350 विद्यार्थियों के अतिरिक्त नगर के संत अलायसियस स्कूल सदर, सेंट जोसेफ कॉन्वेंट सदर, एपीएन स्कूल, लिटिल वर्ल्ड स्कूल, स्मॉल वंडर स्कूल, आदित्य कान्वेंट स्कूल के 150 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की विद्यार्थियों के द्वारा क्विज, एडवर्टाइज, इंस्पिरोबिक्स, गो प्रिज्म, कलर रश, स्नैप माय लाइफ, फूड स्विंग्स, सीन ड्रीम्स, इट्स डिबेटेबल, सेल्स पुश, संवाद, पेन वर्थ और फ्रॉम द एटिक जैसी गतिविधियों में भाग लिया गया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में सना अख्तर, अभिनव प्रिंस, सताक्षी शर्मा, तोशित एम. फिलिप, अनामिका चटर्जी, प्रतीक खन्ना, दीक्षांत जायसवाल, सिद्धि पैगवार, प्रजाल सिंह राजपूत, फैजा खान, अदिति नेमा, प्रखर श्रीवास्तव, आयशा सिद्दीकी, आस्था पांडे तनिशा जैन, शगुन राय, आयुषी पटवा, चेतन्य मानेक, साहिल आनंद, सजल अग्रवाल, ज्योतिर्मय शुक्ला, अल्फिया अल्वी, आमीन अजीज, विशभ पटेल, अनिकेत खुशवाहा, चिराग सोनकर, श्रुति चौरसिया, सैयद फैजान रहमानी, तुषार रजक, संस्कार सोनी, नमन सोनकर, विनायक बिड़ला, शिवम विश्नोई, अंशिका पांडे और ऋषि सोनी आदि विद्यार्थियों की भूमिका रही।

महाकौशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घंटे
LIFE CARE ICU, Mukherjee Hospital
Life Care ICU
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम व सुविधाएं
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट)
डॉ एम. चंसोरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ नेहा चंसोरिया B.D.S, M.D.S. (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ अखिलेश पटेल (छाती एवं स्वांस रोग विशेषज्ञ)
सुविधाएं
हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन, सिर की चोट, हेड इन्जूरी, रीढ़ की हड्डी की चोटों का इलाज व ऑपरेशन, लकवा, मिर्गी एवं दिमागी बुखार का इलाज, जहरीली वस्तु का सेवन (Poison Unit), सर्पदंश उपचार, गंभीर लीवर की बिमारी, किडनी की बीमारी (पथरी), डायलिसिस सुविधा उपलब्ध, हर प्रकार के पेट के रोगों का ऑपरेशन,Burn Unit (जले हुए मरीजों का इलाज), महाकौशल के सबसे आधुनिक वेन्टीलेटर उपलब्ध, 24 घंटे डायलिसिस की सुविधाएं
1933, प्रेम मंदिर के पास, राइट टाउन, जबलपुर | 07614038666, 7049079825 | 9300920067

# बोलना हमेशा तर्कपूर्ण चाहिए और सुनना हमेशा भाव से चाहिए

## स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष में युवा अधिवक्ता दिवस पर व्याख्यान

### अधिवक्ता परिषद उच्च न्यायालय इकाई जबलपुर का आयोजन



**जबलपुर,यशभारत।** अधिवक्ता परिषद उच्च न्यायालय जबलपुर इकाई द्वारा युवा अधिवक्ता दिवस पर हाई कोर्ट में व्याख्यान आयोजित किया गया।युवा अभिभाषक वर्तमान समय में चुनोतियाँ,अपेक्षाएं एवं समाधान विषय पर व्याख्यान हुए में न्यायाधिपति श्री आनंद पाठक एवं उपमहान्यायवादी भारत सरकार पुष्पेंद्र यादव एवं सीनियर हाई कोर्ट बार के अध्यक्ष अनिल खरे की विशेष उपस्थिति में व्याख्यान संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपमहान्यायवादी पुष्पेंद्र यादव ने कहा कि कार्यकर्ता के लिए संगठन का स्वरूप मां की तरह होता है। चरित्र व्यक्तित्व राष्ट्र के निर्माण के लिए स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। हाईकोर्ट सीनियर बार अध्यक्ष अनिल खरे ने कहा कि हम अपने अधिकार के लिए सजग रहते हैं लेकिन हमें उससे ज्यादा अपने दायित्व व कर्तव्य के लिए भी सजग रहना चाहिए। माननीय उच्च न्यायालय के न्यायाधीश श्री आनंद पाठक ने कहा की मूल तत्व न्याय है बोलना हमेशा तर्कपूर्ण चाहिए और सुनना हमेशा भाव से चाहिए यदि कोई अपराध पेट भरने के लिए किया जाता है तो उसको क्षम्य माना जा सकता है। अगर पेट भरने के बाद भी अपराध किया जाता तो वह पूर्णतः दंडनीय अपराध है। जिसको कभी भी हमें क्षमा नहीं करना चाहिए। मैं शब्द अहंकार को जन्म देता है कि मैं जज हूं, वकील हूं अधिवक्ता हूं डॉक्टर हूं इगो यह अहंकार का कारण बनता है। जिस तरह भोजन में बिना नमक के स्वाद नहीं आता उसी तरह व्यक्ति को नमक के बराबर तो कम से कम भगवान का चिंतन करना चाहिए। पर्यावरण बढ़ाने के उद्देश्य से व्यक्ति को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने वर्तमान परिस्थिति पर जोशीमठ उत्तराखंड का भी उदाहरण दिया। उन्होने आगे कहा कि पहला सुख निरोगी काया इसी वाक्य के उदाहरण को देते हुए अपनी बात पूरी की। आभार प्रदर्शन हरीश अग्निहोत्री ने किया। संचालन गजेंद्र सिंह ने किया। मंचासीन सुशीला पालीवाल और आशीष पांडे रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर युवा अधिवक्ताओं को लाइट मेनी मास्टर एवं अपरिचित पत्र एवं योगी कथामृत एवं प्रेमचंद के फटे जूते किताब भेंट की गई।कार्यक्रम में युवा सदस्य श्वेता यादव, अभिमन्यु सिंह, अमन पांडे, प्रीति सिंह, सौम्या स्रद्ब×द्बह्ल, शची खरे, विपुल वर्धन जैन, धीरज तिवारी, कनिष्क राज सिंह, कमलनाथ नायक, सपना तिवारी, राशि दुआ, सिद्धार्थ यादव एवं पराग तिवारी का योगदान रहा।

# ओएफके की केंटीन में दाम बढ़ाने का विरोध

### सुरक्षा कर्मचारी यूनियन ने किया केंटीन के समक्ष प्रदर्शन

**जबलपुर यशभारत।** सुरक्षा कर्मचारी यूनियन (इंटक) के पदाधिकारियों ने आयुध निर्माणी खमरिया की औद्योगिक कैन्टीन में नाश्ते नमकीन मिठाई एवं अन्य खाद्य सामग्री की बढ़ी हुई कीमतों पर विरोध दर्ज करने के लिये कैन्टीन प्रबंधन के समक्ष प्रदर्शन किया। यूनियन ने कहना है कि समोसा, आलूबण्डा आदि का अचानक उसका मूल्य ब?ा दिया गया जबकि न तो समोसा / आलूबंडा के साथ चटनी दी जा रही है ना ही समोसे उसमें मटर या मूंगफली डाली जा रही है । इसी तरह बाजार के रेट पर चाय, नमकीन, मीठा एवं अन्य खाद्य सामग्री बेची जा रही है। यूनियन के महामंत्री आनंद शर्मा का कहना है कि औद्योगिक कैन्टीन में कर्मचारियों को सुविधा प्रदान करने के लिये है ना कि व्यापार के लिये है। यूनियन के अमित चौबे, अखिलेश पटेल, हृदेश यादव, अनुपम भौमिक, अनिल गुप्ता,राकेश जायसवाल, महेन्द्र रजक, मो. नसीम, आशीष तिवारी जीजो जैकब आदि ने कैन्टीन व्यवस्था में सुधार की मांग की है।

सांई हॉस्पिटल
इनफर्टिलिटी लेप्रोस्कोपी एवं सांई टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
डॉ. श्रीमति राखी बाजपेयी
MBBS,MS. (OBS & GYM)
टेस्ट ट्यूब बेबी, बांझपन व गायनिक एण्डोस्कापी में उच्च प्रशिक्षित
दूरबीन द्वारा ऑपरेशन से ना चीरा ना रक्तस्त्राव शीघ्र स्वस्थ जल्टी छुट्टी
Dip advanced Gynaec Endoscopy [France]
इक्सी, टेस्ट ट्यूब सेंटर, दूरबीन द्वारा बांझपन का निदान, बंद ट्यूब व टीटी ऑपरेशन खोलना, दूरबीन द्वारा बच्चादानी(टीएलएच), ओवरी की सिस्ट नली में ठहरे गर्भ व बच्चेदानी के ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, कृत्रिम गर्भाधान IUI IVF ICSI व सुरक्षित गर्भपात।
पथरी, हार्निया, एपेन्डिक्स, पाइल्स, गाल ब्लेडर, बच्चेदानी, स्तन की गठान, बंद ट्यूब गर्भधान इत्यादि सभी आपेरेशन व इलाज की सुविधा
सबसे सस्ता अत्याधुनिक मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सा संस्थान
कांचघर चौक, रेलवे स्टेशन रोड जबलपुर-8770186650, 7987619550


Roasted Food Junction
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
न्यू शो रूम
ठण्ड के स्पेशल आइटम उपलब्ध है
→तिली चिक्की →तिली लड्डू →तिली रेवड़ी →मूंगफल्ली की लइया →रोस्टेट नमकीन →वेक्ड टोस्ट →करेला चिप्स →बिस्केट →फुल्की →गजक →सिंधी पापड़→चने
AK's Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304, 7987145201

गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
मध्य भारत का तेजी से उभरता हुआ, सर्वप्रथम होलीस्टिक हॉस्पिटल
आयुष्मान एवं सभी प्रकार के टीपीए की सुविधा
आर्यरा AaryAra (illuminate AspiratioN)
उखरी तिराहा, विजय नगर, जबलपुर (मप्र)-482003
0761-4017010, 4027010, 2647010 Helpline 881983000,7777877708
galaxyhospitaljbpweb@gmail.com, galaxyhospitaljbp2020@gmail.com
www.galaxyhospitaljbp.com

## देखभाल न हुई तो किताबों में सिमटकर रह जाएगा इतिहास

# जीर्णोद्धार की राह देख रहा कलचुरीकालीन बौद्ध मठ





**जबलपुर यशभारत।** शहर से तकरीबन 17 किलोमीटर दूर लम्हेटाघाट से लगा कलचुरीकालीन बौद्ध मठ आखिरी सांसें गिन रहा है। जिन लोगों को इसके बारे में पता है, वो गाहे-ब- गाहे दर्शन करने पहुंच जाते हैं परंतु यहां के हालात दुबारा आने की इजाजत नहीं देते। समय रहते ऐतिहासिक धरोहर का जीर्णोद्धार नहीं किया गया तो एक इतिहास महज किताबों में सिमटकर रह जाएगा। यहां के दुरूह हालात बताते हैं कि इसका कोई धनी- धोरी नहीं रह गया है। न तो आने-जाने के लिये मार्ग की व्यवस्था है और न ही सुरक्षा के इंतजाम हैं। यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि कुछ ऐतिहासिक महत्व की चीजें चोरों की हवस का शिकार भी हो.. चुकी हों। कलचुरी काल का यह इतिहास देखरेख के अभाव में दम तोड़ता जा रहा है। यही हालात रहे तो बहुत जल्दी इसका नामोनिशान मिट जाएगा। जिस तरह से इसे इसके हालातों पर छोड़ दिया गया है वो साफ-साफ बता रहा है कि इतिहास को संरक्षित रखने के नाम पर केवल मोटी-मोटी पगार ली जा रही है। जिम्मेदार अधिकारी भी इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं। लिहाजा इसकी हालत दिन-ब-दिन अधोगति को प्राप्त हो रही है।मठ को झा?ियों ने घेर लिया, रास्ता भी बंद हो चुका ध् जबलपुर के गोपालपुर में लक्ष्मी नारायण मंदिर के बाजू से (लम्हेटाघाट) के समीप 10 वीं शताब्दी के कलचुरी कालीन का एक बौद्ध मठ भारतीय पुरातत्व विभाग की अनदेखी के फलस्वरूप अपने जीर्णोद्धार के आदेश का इंतजार करते करते आखरी सांसें गिन रहा है। ताजा स्थिति यह है कि पैदल पहुंच मार्ग का भी अब अता-पता नही है। इकलौता मार्ग भी पैदल चलने के लायक नहीं रह गया है। वर्षा के कारण कई जगहों से मिट्टी बह गई है, जिस कारण मार्ग का भी अता-पता नहीं है। पूरे मार्ग में जंगली झाड़ियां उग आई है। मठ के ऊपर व चारों तरफ से बड़ी-बड़ी घास व जंगली झाड़ियों ने मठ को घेर लिया है। यदि शीघ्र ही मठ से इनका सफाया कर जर्जर हिस्सों को दुरस्त नही किया गया तो इस मठ की जानकारी आने वाली पीढ़ियों को सिर्फ किताबों से ही मिल सकेगी।

### यह है विशेषता

इस मंदिर के चबूतरों के चारों कोनों पर एक-एक छोटे मंदिर एवं मध्य में दो मंजिला बड़ा मंदिर निर्मित है। इस तरह से कुल पांच मंदिरों के होने से इसे पचमठा मंदिर भी कहा जाता है। मंदिर की वास्तुगत विशेषताओं से पता चलता है कि इसका निर्माण 18वीं सदी ईस्वी के करीब किया गया है। मंदिर के गर्भगृह के द्वार के निचले भाग में सींगयुक्त मानवमुण्ड, मेढ़ाद्ध की एवं ललाटबिम्ब पर गणपति की आकृतियां हैं। छत पर गुम्बदाकार कक्ष, चारों कोनों पर प्रशिक्षणापथ सहित बने हुये हैं। मंदिर के शिखर मुगल शैली के अनुकरण पर निर्मित हैं। मुख्य गुम्बद के चारों तरफ लघु देवालयों की आकृतियां बनी हुई हैं।



# आईएसबीटी में जहाँ प्रतिबंधित वहीं खड़ी की जा रहीं टूरिस्ट बसें

**जबलपुर, यशभारत।** आल इंडिया या कॉन्ट्रैक्ट कैरिज परमिट में संचालित होने वाली बसों का नियम तो यही कहता है कि शहर के बस स्टैण्डों से इनको दूर ख?ा किया जाना चाहिए। इंटर स्टेट बस टर्मिनल में इनको नहीं खड़ा होना चाहिए, पर आलम यह है कि इलाहाबाद, रीवा से टूरिस्ट परमिट पर आने वाली बसें रात के समय दीनदयाल बस टर्मिनल में नियमों को दरकिनार कर खड़ी की जाती हैं। इनके नियम को तोड़ने, स्टेज कैरिज परमिट में सामान्य टाइम-टेबल में चलने वाली बसों के यात्रियों को भी यह प्रभावित करते हैं। इस तरह न इनके चलने का कोई टाइम-टेबल है, न नियम पूर्वक टैक्स देने की बाध्यता और अन्य मापदण्ड जो परिवहन विभाग ने तय किए हैं सबको ये ताक पर रख रहे हैं। गौर तलब है कि शहर में आल इंडिया परमिट वाली ऐसी बसें रीवा, इलाहाबाद के हिस्से से जबलपुर से आगे संचालित हो रही हैं, इनसे पूरी यात्री परिवहन व्यवस्था पर असर हो रहा है।

**कई बार हुई शिकायतें लेकिन आज तक नहीं की गई कोई कार्रवाई**

कुछ स्थानीय बस आपरेटरों ने बताया कि जो बसें कॉन्ट्रैक्ट कैरिज के परमिट में रुटीन सवारी ले जा रही हैं उनको लेकर परिवहन विभाग, आईएसबीटी में सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज से जुड़े अधिकारियों को शिकायत की, पर आज तक इन पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पूरा खेल मिली भगत से चल रहा है। कोरोना काल में जब रुटीन बसें बंद थीं तो इनका संचालन धड़ल्ले से होता रहा। अब भी जब सामान्य हालात हैं तो में इन पर कोई रोक नहीं है। इनकी वजह से सामान्य बसें जो नियम के अनुसार संचालित होती हैं उनको नुकसान हो रहा है। इसको लेकर जल्द सटीक कार्रवाई की जरूरत है।बस आपरेटरों का कहना है कि टूरिस्ट बसों को लेकर रीवा रूट में ज्यादा शिकायतें हैं। इस हिस्से से उत्तर प्रदेश से भी बसें टूरिस्ट परमिट लेकर स्थानीय सवारियाँ ले जाते हैं। विशेष बात यह है कि इनके ऊपर हर जिले में कार्रवाई हो सकती है लेकिन सभी तरह से परिवहन विभाग इनकी अनदेखी कर देता है।

## हैरिटेज कैफे के रूप में शीघ्र ही किया जायेगा इसका संचालन

जबलपुर, यशभारत। कलेक्टर सौरभ के. सुमन, निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार स्मार्ट सिटी के द्वारा लगातार कार्य कराये जा रहे हैं। इस विषय में स्मार्ट सिटी सी.ई.ओ. श्रीमती निधि सिंह राजपूत ने बताया कि जबलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा हैरिटेज कंसर्वेशन परियोजना के अंतर्गत राजा गोकुलदास धर्मशाला के जीर्णोद्धार का कार्य किया गया है। इस कार्य के अंतर्गत धर्मशाला को अपने मूल रूप में परिवर्तित करने का प्रयास किया गया है। राजा गोकुलदास धर्मशाला के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पुरानी पद्धति का उपयोग किया गया जिसमें गड़, बेल, चूना इत्त्यादि का उपयोग किया गया है, इसके साथ ही इसके अंदर लगे फाउंटेन को पुन: सुधार कर शुरू किया गया है। गार्डन एरिया को भी पुन: निर्मित किया गया है। भविष्य में हैरीटेज कैफे के रूप में इसे संचालित करने की योजना भी स्मार्ट सिटी द्वारा बनाई जा रही है।

# आयुर्वेदिक अस्पताल, स्वास्थ्य मंत्रालय में अटकी मंजूरी

## आकस्मिक कक्ष नहीं हो पा रहा तैयार, तीन साल से मामला खटाई में

**जबलपुर, यशभारत।** आयुर्वेदिक अस्पताल के अपग्रेडेशन का मामला केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय में अटक गया है। तीन वर्ष से चल रही इस कवायद में आकस्मिक कक्ष तैयार नहीं हो सका। स्टाफ की कमी हाल ही में कुछ हद तक दूर हो सकी है। जानकार कहते हैं कि मेडिकल, विक्टोरिया के अलावा स्वास्थ्य सुविधाएं बढने के साथ एक नया अस्पताल लोगों के लिए सुविधाजनक हो जाएगा। कोरोना संक्रमणकाल के दौरान शहर में अस्पतालों की दयनीय स्थिति में यहां आइसोलेशन सेंटर बनाया गया था। आकस्मिक चिकित्सा सुविधा नहीं होने की वजह से यहां नॉन समटोमेटिक मरीज भर्ती किए गए थे, जबकि अस्पताल में डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ है।

### ऑक्सीजनयुक्त वार्ड

आयुर्वेदिक अस्पताल में ऑक्सीजनयुक्त वार्ड है। इमरजेंसी नहीं होने से यहां कोविड काल में त्रिकटू चूर्ण, संसमणि बटी और अणु तेल ही मरीजों को दिया जा सका। प्रशासन की अनदेखी से इस अस्पताल का इस्तेमाल गंभीर मरीजों के लिए नहीं हो सका।




### कलेक्टर निरीक्षण

जानकारों का कहना है कि आयुर्वेदिक अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लेने तत्कालीन कलेक्टर ने निरीक्षण किया था। यहां आकस्मिक सेवा देने की तैयारी थी।

### मंत्रालय से जवाब नहीं

अस्पताल को अपग्रेड करने के प्रस्ताव बनाकर संभागायुक्त को भेजा गया है। इसमें आकस्मिक कक्ष सहित अन्य चिकित्सा सुविधाएं शामिल हैं। सम्भागायुक्त से इसकी मंजूरी के लिए प्रस्ताव चिकित्सा मंत्रालय भेजा है, जहां से स्वीकृति नहीं आने की वजह से यह मामला फंसा हुआ है।

### मरीजों के लिए बेहतर ऑप्शन

जानकार कहते हैं कि ग्वारीघाट के आयुर्वेदिक अस्पताल में चिकित्सा सुविधाएं ब?ा दी जाएगी तो इस क्षेत्र के मरीजों के लिए फायदेमंद साबित होगा। ऐसे मरीजों को मेडिकल, विक्टोरिया जाने की जरूरत नहीं प?गी। 30 मरीजों को भर्ती करने की सुविधा अस्पताल में तीस मरीजों को भर्ती करने की व्यवस्था है।

## एल.एन.व्हाय. स्कूल में मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण

### स्कूल के बच्चो के साथ-साथ आस-पास के खेल प्रेमी भी होंगे लाभांवित

**जबलपुर। यशभारत।** कलेक्टर सौरभ के. सुमन, निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार स्मार्ट सिटी के द्वारा लगातार कार्य कराये जा रहे हैं। इस विषय में स्मार्ट सिटी सी.ई.ओ. श्रीमती निधि सिंह राजपूत ने बताया कि जबलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा एल.एन.व्हाय. स्कूल में मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण राशि रूपये 3.2 करो? की लागत से किया जा रहा है जिसमे जबलपुर शहर के खिलाड़ियों के लिए कई तरह की सुविधाए जैसे बास्केटबॉल कोर्ट, बैटमिंटन, जिमनेशियम् हॉल एवं एक मल्टीपर्पस हॉल जिसमे टेबिल टेनिस या बिलियर्ड्स इत्त्यादि उपलब्ध होंगी। इसके अतिरिक्त एडमिन रूम, टॉयलेट की सुविधा भी इस स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स मे उपलब्ध होंगी। जबलपुर स्मार्ट सिटी द्वारा किये जाने वाले समस्त कार्य भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली राशि से किया जा रहा है।जबलपुर शहर की खेल प्रतिभाओ के लिए स्मार्ट सिटी जबलपुर लगातार प्रयासरत है जिससे की देश विदेश मे वे जबलपुर शहर एवं अपने भारत देश का नाम रौशन कर सके।

# मोबाइल से घरों की निगरानी, जरा सी हरकत पर भी मिल रहा अलर्ट

## एनवीआर से मोबाइल पर मिल रहा सीसीटीवी का नजारा



**जबलपुर यशभारत।** डीवीआर के बाद अब एनवीआर का उपयोग तेजी से बढ़ा है। एनवीआर की मदद से घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों में लगे सीसीटीवी कैमरों का एक्सेस सीधे मोबाइल पर मिल रहा है, इससे 24 घंटे कहीं से भी दुकानों और घरों की निगरानी की जा रही है। शहर में डोर और विंडो सेंसर का चलन भी हाल ही में बड़ा है। जिन लोगों का अक्सर शहर से बाहर आना-जाना होता है, वे इसका उपयोग कर रहे है। कई बड़े प्रतिष्ठान संचालक भी डोर समेत लॉक सेंसर का उपयोग कर प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को पुख्ता कर रहे हैं। पहले सीसीटीवी कैमरे के साथ डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर (डीवीआर) लगाया जाता था। इसे केवल मॉनिटर में ही देखा जा सकता है। समय के साथ तकनीक विकसित हुई और डीवीआर की जगह नेटवर्क वीडियो रिकॉर्डर (एनवीआर) ने ले ली। एनवीआर के जरिए सीसीटीवी के लाइव और रिकॉर्डेड वीडियो भी देखे जा सकते हैं। डॉ. शैलेंद्र भवदिया और उनकी पत्नी श्वेता भवदिया कॉलेज में प्रोफेसर हैं। उनकी तीन साल की बेटी है। बेटी की देखरेख के लिए आया है। लेकिन, हर वक्त उन्हें बेटी की चिंता रहती थी, इसलिए दम्पती ने घर में सीसीटीवी कैमरे के साथ एनवीआर लगाया है। इसकी मदद से वे कॉलेज से ही घर पर नजर रखते हैं। रक्षानगर निवासी प्रेरणा बैनर्जी ने बताया कि उनके घर में डोर और विंडो सेंसर लगे हैं। यदि कोई जबरन दरवाजे का लॉक या खि?की खोलने का प्रयास करता है तो मोबाइल पर अलर्ट का मैसेज आ जाता है।







## महाकोशल बॉडी बिल्डिंग चैम्पियनशिप आज

**जबलपुर, यशभारत।** जिला बॉडी बिल्डर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में महाकोशल बॉडी बिल्डिंग चैम्पियनशिप एवं मेन्स जबलपुर। जबलपुर फिजिक प्रतियोगिता का शुभारंभ आज सायं 6 बजे सिविल लाइन्स पुलिस थाना के सामने स्थित मैदान में खुले मंच पर आयोजित होगी। चैम्पियनशिप का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा के मुख्य आतिथ्य में होगा। इस अवसर पर प्रदेश शरीर . सौष्ठव संघ के महासचिव अतिन तिवारी, रमनजीत सिग चौपड़ा उपस्थित रहेंगे।उपरोक्त जानकारी देते हुए प्रदेश शरीर सौष्ठव संघ के उपाध्यक्ष शरद अग्निहोत्री एवं जिला सचिव सुशील शर्मा ने बताया कि चैम्पियनशिप में जबलपुर, कटनी, रीवा, डिण्डौरी, मण्डला, नरसिंहपुर, सिवनी जिले के लगभग 160 बॉडी बिल्डर्स अपनी मांसपेशियों का प्रदर्शन करेंगे विजेताओं को खिताबी ट्राफी एवं नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जावेगा।




**कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री, लोक निर्माण विभाग,**
**परियोजना क्रियान्वयन इकाई, नया कलेक्टर कार्यालय के पास सिविल लाईन बालाघाट (म.प्र.)**
दूरभाष :- 07632-358737 ई-मेल dpepiubalaghat@gmail.com

एनआईटी नं.- 02/2023/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सा/एपीडी/ जबलपुर, दिनांक 10.01.2023

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

| स. क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की राशि (कार्य की लागत) (रु. | अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में) लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | ठेकेदार/ फर्म की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षा काल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2022_ PWPIU 244339_1 | जिला बालाघाट में कुटुम्ब न्यायालय भवन का निर्माण मय आंतरिक विद्युतीकरण कार्य। | बालाघाट | 188.51 | 188510.00 | 15000.00 | मुख्य वास्तुविद् म.प्र. लो.नि.वि. के इम्पैनल्ड /पंजीयकृत | 12 |
| 2 | 2022_ PWPIU 244341_1 | तहसील मुख्यालय बैहर में संयुक्त अनुविभागीय अधिकारी कॉर्यालय भवन का निर्माण मय आंतरिक विद्युतीकरण कार्य। | बालाघाट | 784.87 | 784870.00 | 20000.00 | मुख्य वास्तुविद् म.प्र. लो.नि.वि. के इम्पैनल्ड /पंजीयकृत | 18 |
| 3 | 2022_ PWPIU 244343_1 | तहसील मुख्यालय वारा सिवनी में अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय भवन का निर्माण मय आंतरिक विद्युतीकरण कार्य। | बालाघाट | 93.40 | 93400.00 | 10000.00 | मुख्य वास्तुविद् म.प्र. लो.नि.वि. के इम्पैनल्ड /पंजीयकृत | 8 |
| 4 | 2022_ PWPIU 244347_1 | तहसील मुख्यालय बैहर में वन स्टॉप सेंटर भवन का निर्माण मय आंतरिक विद्युतीकरण कार्य। | बालाघाट | 39.07 | 50000.00 | 5000.00 | मुख्य वास्तुविद् म.प्र. लो.नि.वि. के इम्पैनल्ड /पंजीयकृत | 8 |

(1) निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http://www.mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। (2) निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड /इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। (3) निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाईन दिनांक 13.01.2023 समय 06.00 बजे से दिनांक 28.01.2023 समय 6.00 बजे तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है। (4) निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

जी- 21912/23 **संभागीय परियोजना यंत्री, लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू., बालाघाट**

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, (भ/स) संभाग नरसिंहपुर (म.प्र.)**

निविदा सूचना क्रमांक 27/वर्ष 2022-23/कार्य.यं. **निविदा सूचना** नरसिंहपुर, दिनांक 18.01.2023

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर आईडी | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | कार्य की अनु. राशि (रू. लाख में) | धरोहर राशि | निविदा फार्म की राशि | आमंत्रण क्र. | कार्य समय अवधि | भौतिक रूप से लिफाफा प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 7 | | | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2023_PWD RB_245600 _1 | नरसिंहपुर | बी.टी. रिन्युवल | नरसिंहपुर उपसंभाग के अंतर्गत (1) सिंहपुर बायपास (ओल्ड एन.एच. 547) मार्ग लंबाई 1.40 कि.मी., (2) लोकीपार बायपास (ओल्ड एन.एच. 547) मार्ग लंबाई 1.50 एवं (3) भैसा बायपास (ओल्ड एन. एच. 547) मार्ग लंबाई 0.50 का बी.टी. रिन्युवल कार्य। | 38.14 | 50,000 | 5,000 | प्रथम आमंत्रण | 3 माह वर्षा ऋतु सहित | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| 2 | 2023_PWD RB_245601 _1 | नरसिंहपुर | बी.टी. रिन्युवल | नरसिंहपुर उपसंभाग के अंतर्गत (1) कठौतिया बायपास मार्ग लंबाई 5.00 कि.मी. एवं (2) सिंहपुर तिराहा से नरसिंहपुर बायपास जंक्शन मार्ग लंबाई 0.58, का बी.टी. रिन्युवल कार्य। | 57.79 | 58,000 | 10,000 | प्रथम आमंत्रण | 3 माह वर्षा ऋतु सहित | सभी दस्तावेज आनलाईन प्रस्तुत करें। |
| 3 | 2023_PWD RB_245602 _1 | नरसिंहपुर | बी.टी. रिन्युवल | गाडरवारा उपसंभाग के अंतर्गत (1) एन.एच.-45 से रमपुरा पहुंच मार्ग लंबाई 1.00 कि.मी., (2) एन.एच.-12 से बिजौरा मार्ग लंबाई 5.00 कि.मी. का बी.टी. रिन्युवल कार्य। | 58.16 | 58,500 | 10,000 | प्रथम आमंत्रण | 3 माह वर्षा ऋतु सहित | सभी दस्तावेज आनलाईन प्रस्तुत करें। |
| 4 | 2023_PWD RB_245603 _1 | नरसिंहपुर | बी.टी. रिन्युवल | नरसिंहपुर उपसंभाग के अंतर्गत (1) नरसिंहपुर तिंदनी गरगटा मार्ग लंबाई 2.50 कि.मी., (2) गरगटा नयाखेड़ा इमलिया गरारू मार्ग लंबाई 2.50 (3) समनापुर से मंहगवा मार्ग लंबाई 3.80 कि.मी. (4) इन्द्रानगर पहुंच मार्ग लंबाई 0.70 कि.मी. एवं (5) तिंदनी से गौंड़ी धुबघट मार्ग लंबाई 1.00 कि.मी. का बी.टी. रिन्युवल कार्य। | 128.98 | 1,29,000 | 12,500 | प्रथम आमंत्रण | 3 माह वर्षा ऋतु सहित | सभी दस्तावेज आनलाईन प्रस्तुत करें। |
| 5 | 2023_PWD RB_245604 1 | नरसिंहपुर | बी.टी. रिन्युवल | गोटेगांव उपसंभाग के अंतर्गत (1) गोटेगांव बायपास मार्ग लंबाई 6.60 कि.मी., एवं (2) पिपरिया नोन सिरकोना बेदू मार्ग लंबाई 8.30 का बी.टी. रिन्युवल कार्य। | 278.12 | 2,78,500 | 15,000 | प्रथम आमंत्रण | 3 माह वर्षा ऋतु सहित | सभी दस्तावेज आनलाईन प्रस्तुत करें। |
| | | | | योग | 561.19 | | | | | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाईन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 30.01.2023, (17.00) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त बेवसाईट www.mptenders.gov.in में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त बेवसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। मूल धरोहर (ई.एम.डी.) राशि एवं अन्य सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत दिनांक 30.01.2023, (17.30) बजे तक उपरोक्तनुसार संबंधित पोर्टल में प्राप्त की जावेगी।

जी-21928/23 **कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग नरसिंहपुर**

# रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में आइएएस अधिकारियों ने सुमधुर गीतों से बांधा समां, सीएम शिवराज हुए शामिल

**भोपाल यशभारत। आइएएस सर्विस मीट के दूसरे दिन शनिवार को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आइएएस अधिकारियों एवं उनके स्वजनों ने सुमधुर संगीतों की बेहतरीन प्रस्तुति देर समां बांध दिया। वहीं शुरूआत में बच्चों ने मनमोहक डांस की प्रस्तुति दी। इसके अलावा अधिकारी व उनके स्वजनों ने फेशन शो की प्रस्तुति दी। वहीं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी पत्नी साधना सिंह सहित कार्यक्रम में शामिल हुए। यह कार्यक्रम विवर्स आफ इंडिया (भारत के बुनकर) थीम पर था। तो वहीं फैशन शो शेडस आफ इंडिया (भारत के रंग) पर आयोजित किया गया।**



दिवंगत संगीतकारों को समर्पित रहा आयोजन

कोरोना के दो साल बाद हुए इसे आयोजन में दिवंगत गीतकार-संगीतकार को प्रस्?तुतियों के जरिए श्रद्धांजलि दी गई। विवर्स आफ इंडिया थीम पर हुए आयोजन में आइएएस शीला दाहिमा, अनुभा श्रीवास्तव, सीएम ठाकुर, भास्कर लक्षकार, रिटायर्ड आइएएस वीण घाणेकर ने आरडी बर्मन, बप्पी लहरी, लता मंगेशकर के गीत पेश करते हुए सभी वरिष्ठ अधिकारियों एवं उनके स्वजनों को तालियां बजाने को मजबूर कर दिया।

**फैशन शो में दिखे पारंपरिक परिधान के रंग**

सांस्कृतिक कार्यक्रम में आइएएस अधिकारी और उनके स्वजन रैंप वाक करते नजर आए। इनमें मध्यप्रदेश के बाघ प्रिंट, महेश्वर की साड़ियां, चंदेरी साड़ी और प्रदेश के अन्य पारंपरिक वस्त्रों पर अफसरों ने कैटवाक की। अन्य राज्यों के पारंपरिक वस्त्रों में भी अधिकारी नजर आए। शेडस आफ इंडिया थीम पर यह फैशन शो हुआ, जिसने सभी का मन मोह लिया। वहीं कार्यक्रम के अंत में ट्रेजर हंट (खजाने की खोज) प्रतियोगिता हुई। इसमें क्लू के आधार पर आइएएस अधिकारियों की विभिन्न टीमों ने खजाने की खोज की।

**बच्चों का ध्यान रखें, उन्हें समय, प्यार और बेहतर संस्कार दें**

आइएएस मीट के सांस्कृतिक कार्यक्रम में पत्नी साधना सिंह सहित पहुंचे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दो साल बाद आयोजित हुए कार्यक्रम की सभी अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जिनके चेहरे पर मुस्कुराहट नहीं है वह भी मुस्कराएं हमारी यह कोशिश होना चाहिए। यह मैं आपके लिए नहीं कह रहा हूं, यहां मेरी पूरी टीम बैठी है जिनके साथ मिलकर मैं काम करता हूं। मध्यप्रदेश की साढ़े आठ करोड़ जनता की खुशहाली को हम ओर अधिक कैसे बढ़ा सकते हैं, इस पर जोर देना चाहिए। यह हमारी जिम्मेदारी है। कई बार बहुत काम करना पड़ता है यह जो आनंद के उत्सव आते हैं, हमारा तनाव दूर कर देते हैं और काम करने की नई क्षमताएं देते हैं। घर पर भी आनंदित रहें और बच्चों का ध्यान रखे उन्हें समय दें, प्यार दें और बेहतर संस्कार दें। उनको अकेला बिल्कुल न छोडें, वह कभी-कभी तनाव में आ जाते हैं। उनका ध्यान रखना माता-पिता का कर्तव्य है।

## वेतन न मिलने से परेशान महिला सफाईकर्मी ने की आत्महत्या, संबंधित अधिकारियों से होगी पूछताछ

**भोपाल ,ईएमएस।** भोपाल के चूनाभट्टी थाना क्षेत्र में रहने वाली एक सफाईकर्मी ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि उसे दो महीने से वेतन नहीं मिला था। वह लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचइई) विभाग के एक कार्यालय में आउट सोर्स के तहत सफाईकर्मी का काम करती थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। विवेचना अधिकारी प्रधान आरक्षक दिग्विजय सिंह ने बताया कि अनिता मैना पति बाबूलाल मैना (45) दुर्गा नगर, चूनाभट्टी में रहती थी। वह पोस्ट ऑफिस में संविदा सफाईकर्मी थीं, जबकि उनके पति पीएचई विभाग में ठेकेदार के पास काम करते हैं। अनिता ने शुक्रवार सुबह फांसी लगा ली। परिजन ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया।

# मध्य प्रदेश में फिर बदला मौसम का मिजाज

**भोपालयशभारत।** मध्यप्रदेश में मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। राज्य के कई जिलों में हल्के बादल छाए हुए हैं तो कई जिलों में लोगों को ठंड से हल्की राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में राज्य का मौसम एक बार फिर से बदल सकता है। प्रदेश के कई जिलों में हल्की बारिश हो सकती है। जिस कारण से एक बार फिर से तापमान में गिरावट होगी और ठंड का असर बढ़ेगा। मौसम विभाग ने बताया कि राज्य के अधिकांश हिस्सों में 22 जनवरी तक न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है। उसके बाद महत्वपूर्ण परिवर्तन की संभावना नहीं है।



हवाओं का रुख दक्षिणी होने से तापमान में नमी देखी जा रही है। हवाओं में नमी से बादल छाने के आसार है। हालांकि ग्रामीण इलाकों में अभी भी कड़ाके की ठंड हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार, बादल छटने के बाद एक बार फिर से राज्य के लोगों को कड़ाके की ठंड का असर देखने को मिलेगा। वहीं, शीतलहर और कोहरे का भी असर का पूर्वानुमान लगाया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, बीते 24 घंटों में जबलपुर और रीवा संभाग के कुछ जिलों में हल्की बारिश हुई। वहीं, छतरपुर, शहडोल समेत प्रदेश के कई जिलों में कोहरे का भी असर देखने को मिला है। ग्वालियर जिले में हल्का कोहरा देखा गया है लेकिन यहां कड़ाके की ठंड हो रही है। शहडोल, नर्मदापुर संभागों के जिलों में न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक दर्ज हुआ है। वहीं, राजधानी भोपाल में भी ठंड बनी हुई है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अलग-अलग स्थानों पर बन चार सिस्टम मप्र के मौसम पर असर डाल रहे हैं। जिस कारण से बादलों में नमी देखी जा रही है। हालांकि रविवार के लिए मौसम विभाग ने कोई बड़ा अलर्ट जारी नहीं किया है। रविवार को मौसम सामान्य रहेगा।

## नाबालिग मासूम से जीजा और उसके पिता ने किया दुष्कर्म,दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

**भोपाल, ईएमएस।** उद्योग नगरी मंडीदीपमें एक मानसिक रूप से परेशान नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। यह मामला मंडीदीप पुलिस थाने का है। जहां एक नाबालिग ने अपनी बहन के साथ पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि उसके जीजा और जीजा के पिता ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया है। पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच में ले लिया है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी नरेंद्र पांडेय ने बताया की सतलापुर में रहने वाली एक नाबालिग बच्ची मानसिक रूप से बीमार रहती है। पिछले महीने वह बड़ी बहन के घर मंडीदीप गई थी। जहां उसके जीजा रितिक चौहान और जीजा के पिता रामभरोस चौहान ने मौका पाकर कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया पीड़िता ने बताया कि जीजा और उसके पिता उसके साथ दुष्कर्म तब करते थे, जब दीदी घर में नहीं हुआ करती थी।

# शराब नीति पर चर्चा करने सीएम हाउस पहुंची उमा भारती

**बोली- मैं शिवराज की विरोधी नहीं, शराब की दुश्मन हूं**

**भोपाल, यशभारत।** मध्य प्रदेश में चुनावी साल में शराबनीति को लेकर मुद्दा फिर गरमा गया है। प्रदेश में नई शराब नीति आने वाली है। इसको लेकर पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिलने उनके निवास पहुंची। इसके बाद उन्होंने एक के बाद एक ट्वीट कर लिखा कि मैं शिवराज की विरोधी नहीं हूं। मैं शराब की दुश्मन हूं। पूर्व सीएम उमा भारती ने मुख्यमंत्री से मिलने जाने से पहले ट्वीट किया कि आज शिवराज सिंह चौहान के साथ बनने वाली नई शराब नीति को लेकर अंतिम परामर्श होगा। सब खैर मनाइए सब अच्छा हो। इस मुलाकात के बाद उन्होंने एक के बाद एक चार ट्वीट किये। उमा भारती ने लिखा कि लंबे समय तक बात चली है। तथा मैंने अपने भेजे गए परामर्शों को ज्यों का त्यों लागू करने का आग्रह करते हुए 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर मौजूद महानुभावों से भी परामर्श करने के लिए आग्रह किया है। क्योंकि मुख्यमंत्री जी ने स्वयं यह घोषणा की थी कि वह सबसे परामर्श करके ही नई शराब नीति की घोषणा करेंगे। पूर्व सीएम ने कहा कि अधिकारियों को तो सिर्फ लागू करना है, परामर्श तो जन समाज से करना है। एवं महिलाओं की सुरक्षा तथा नौजवानों के भविष्य की चिंता करनी हैं। मैंने अपने परामर्श पर आग्रह किया है। अब मैं इस बारे में पांच दिन बाद बात करुंगी, खैर मनाइए सब कुछ ठीक ही रहे। उमा भारती ने अंत में कहा कि मैं भाजपा, सरकार या शिवराज जी की विरोधी नहीं हूं, मैं सिर्फ शराब की दुश्मन हूं और गंगा की भक्त हूं।



## मध्य प्रदेश में अब घर बैठे मिलेगी कोर्ट केस की प्रति

**हाइकोर्ट के प्रोजेक्ट की प्रशंसा**

**भोपाल, ईएमएस।** लोगों को कोर्ट केस की प्रति घर बैठे मिल जाएगी। हाईकोर्ट द्वारा लागू किए गए प्रोजेक्ट ई-सर्टिफिकेट कापी की प्रशंसा देश भर में हो रही है। इंटिग्रेटेड वीडियो सर्विलांस सिस्टम (आइवीसीएस) की भी तारीफ की जा रही है। यह बात मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के जस्टिस रोहित आर्या ने शनिवार को यहां प्रशासन अकादमी में ई-कोर्ट की समीक्षा के दौरान कही। बैठक में हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार फसाहत अली व एसीएस गृह राजेश राजौरा भी मौजूद थे।जस्टिस आर्या ने वित्त विभाग के सचिव को हाईकोर्ट एवं ई-कोर्ट के लिए आवश्यकता के अनुसार पद स्वीकृति करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानव संसाधन के अभाव में ई-कोर्ट कमेटी के निर्देशों के पालन में कठिनाई हो रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के हाईकोर्ट और दोनों खंडपीठों में 22 करोड़ और डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में 60 करो? पेज डिजिटलाइज किए गए हैं। बैठक में महानिदेशक जेल अरविंद कुमार, डीजी अभियोजन अन्वेष मंगलम व अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।



जस्टिस आर्या ने पुख्ता विवेचना के लिए लिए फारेंसिक साइंस लैब की संख्या बढ़ाने के भी निर्देश दिए हैं। अपर मुख्य सचिव गृह डा. राजौरा ने बताया कि ग्वालियर सहित चार लैब कार्य कर रही हैं। रीवा और रतलाम में भी लैब की स्वीकृति मिल गई है। वर्तमान में प्रति माह छह सौ सैंपलों की जांच की जा रही है। इस पर जस्टिस ने जांच क्षमता एक हजार प्रतिमाह तक करने को कहा।

# वाइल्ड लाइफ बोर्ड की सदस्य को दे दिया नेचर गाइड की ट्रेनिंग का काम, पहुंचाया आर्थिक लाभ

**भोपाल ईएमएस।** मध्य प्रदेश स्टेट वाइल्ड लाइफ बोर्ड सदस्य विद्या वेंकटेश को नियमों को ताक पर रखकर ट्रेनिंग समेत अन्य काम देने का मामला सामने आया है। इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत वन मंत्रालय तक को शिकायत की गई है। हालांकि, स्टेट वाइल्ड लाइफ वार्डन और विद्या वेंकटेश का कहना है कि उन्हें यह काम वन विभाग से नहीं मिला, बल्कि सीएसआर के तहत मिला है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता वाले स्टेट वाइल्ड लाइफ बोर्ड में विद्या वेंकटेश 2020 से सदस्य है। नियम कहते हैं कि बोर्ड के सदस्य आर्थिक लाभ के लिए वन विभाग के साथ मिलकर कोई काम नहीं कर सकते। यह नियम भारत सरकार के नेशनल वाइल्ड लाइफ बोर्ड में भी लागू है। इसके बाद भी विद्या का एनजीओ द लास्ट वाइल्डरनेस फाउंडेशन प्रदेश के टाइगर रिजर्व और कूनो नेशनल पार्क के आसपास रहने वाले आदिवासियों को इको टूरिज्म से जोड़ने के लिए वन विभाग के साथ मिलकर काम कर रहा है। इसमें कूनो नेशनल पार्क में संचालित हो रहा प्रोजेक्ट चीता भी शामिल है। वन विभाग के ही सूत्रों का दावा है कि नियम इसकी इजाजत नहीं देते। इसके बावजूद कुछ अधिकारियों की पसंद होने की वजह से यह काम विद्या के एनजीओ को दिया गया है।




इस मामले में आरटीआई एक्टिविस्ट और वाइल्ड लाइफ एक्टिविस्ट अजय दुबे ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वन मंत्रालय तक को शिकायत की है। उनका आरोप है कि मुख्यमंत्री के गृह जिले सीहोर वन मंडल में विद्या के एनजीओ को चार लाख रुपये का भुगतान किया गया। आदिवासी समुदाय के साथ भी ट्रेनिंग के नाम पर छल हुआ है। इस मामले में दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई होना चाहिए। साथ ही यदि एनजीओ काम कर रहा है तो विद्या को बोर्ड से हटाया जाना चाहिए।

**चीता टास्क फोर्स का सदस्य बनाने की सिफारिश**

शिकायत में कहा गया है कि विद्या वेंकटेशन को चीता टास्क फोर्स का सदस्य बनाने की पैरवी मध्यप्रदेश के वाइल्ड लाइफ वार्डन या प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) जेएस चौहान ने केंद्र सरकार से की है। शिकायत में इस अनुशंसा पर भी सवाल उठाए गए हैं। चीता टास्क फोर्स ही प्रोजेक्ट चीता के तहत चीतों के संबंध में सभी तरह के फैसले लेता है, जैसे- कब उन्हें बड़े बाड़े में छोड़ना है, कब उन्हें जंगल में छोड़ना है, आदि।

# अरेरा कालोनी में महिला के गले से चेन लूटी

**भोपाल यशभारत।** राजधानी की पाश अरेरा कालोनी में शनिवार सुबह स्कूटर सवार दो बदमाश घर के बाहर धूप सेंक रही बुजुर्ग महिला के गले से सोने की चेन लूटकर फरार हो गए। उन्होंने अपना परिचय बिजली कंपनी के कर्मचारी के रूप में दिया था। पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है। हबीबगंज थाना पुलिस के मुताबिक राजेंद्र बत्रा ई-चार अरेरा कालोनी में परिवार के साथ रहते हैं। शनिवार सुबह करीब 11¬30 बजे उनकी मां 82 वर्षीय मंजू बत्रा घर के सामने कुर्सी पर बैठकर धूप सेंक रही थीं। इस दौरान स्कूटर सवार दो युवक वहां आए। उनमें से एक युवक स्कूटर से उतरकर मंजू बत्रा के पास पहुंचा और बोला कि वे लोग बिजली कंपनी के कर्मचारी हैं। वह मीटर लगाने के लिए किसी का पता पूछने के बहाने मंजू बत्रा से बात करता रहा। मंजू बत्रा जैसे ही कुर्सी से उठकर घर के भीतर जाने के लिए मुड़ी, युवक ने पीछे से उनके गले में पहनी हुई सोने की चेन झपट ली। इसके बाद साथी के साथ स्कूटर पर बैठ गया। इसके बाद दोनों वहां से भाग निकले। शोर मचाते हुए उन्होंने बेटे को बुलाया। स्वजन ने कालोनी के आसपास बदमाशों की काफी तलाश की,लेकिन उनका कुछ भी पता नहीं चल सका। महिला द्वारा बताए गए हुलिए और इलाके में लगे सीसीटीवी के फुटेज के आधार पर पुलिस लुटेरों की तलाश कर रही है।



# अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव पर बोले सीएम शिवराज- विज्ञान को जन्म देती है जिद व जिज्ञासा

भोपाल यशभारत।। विज्ञानियों ने विश्व में देश का गौरव बढ़ाया है। कोविड संक्रमण के बीच जहां इसका उपचार खोजा जा रहा था, तो भारत के विज्ञानिकों ने कोविड की दो-दो वैक्सीन बनाकर सबको चौंका दिया। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मेनिट भोपाल में आठवें भारत अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव के शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जिज्ञासा और जिद, विज्ञान को जन्म देती है। जिज्ञासा ही हमें विज्ञान या गणित के किसी सूत्र को समझने में मदद करती है। हमारा यह लक्ष्य होना चाहिए कि हम अपनी अधिक से अधिक ऊर्जा जन-मानस में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा जागृत करने में लगाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिज्ञासा और जिद के इसी फार्मूले को ध्यान में रखकर प्रदेश में विज्ञान तकनीक और नवाचार नीति-2022 लागू की गई है। उन्होंने कहा कि हजारों वर्षों से भारत की सोच विज्ञान पर आधारित रही है। आज से सात हजार साल पहले रामायण काल में विमान की कल्पना की गई थी। भारत का दर्शन यह मानता है कि धर्म और विज्ञान एक दूसरे के समर्थक हैं। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि केवल ब? शहरों से ही नहीं कस्बों से भी वैज्ञानिक सोच के साथ युवा आगे ब? रहे हैं। मुख्यमंत्री ने विज्ञान महोत्सव भोपाल में करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्टार्टअप के लिए श्रेष्ठतम ईको सिस्टम विद्यमान है। डिजिटल प्रस्तुतीकरण द्वारा कार्यक्रम के लक्ष्यों का प्रदर्शन भी किया गया।



मुख्यमंत्री चौहान और केंद्रीय राज्य मंत्री डा. जितेंद्र सिंह ने महोत्सव स्थल पर लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया और छात्रों द्वारा बनाए गए उपकरणों की सराहना की। विज्ञान महोत्सव के 21 जनवरी के न्यूज बुलेटिन का विमोचन भी किया गया। केंद्रीय जैव प्रौद्योगिकी विभाग नोडल एजेंसी तथा स्थानीय स्तर पर मध्य प्रदेश विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद और विज्ञान भारती संस्था विज्ञान महोत्सव के आयोजक हैं। शनिवार से शुरू हुआ चार दिवसीय महोत्सव 24 जनवरी तक चलेगा, इसमें 15 क्षेत्रों में गतिविधियां होंगी। विज्ञान महोत्सव में केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डा. जितेंद्र सिंह, प्रदेश के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा, केंद्रीय प्रधान विज्ञानी सलाहकार प्रो. अजय कुमार सूद, केंद्रीय जैव प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव डा. राजेश गोखले, पृथ्वी मंत्रालय के सचिव एम. रविचंद्रन, विज्ञान भारती के महासचिव प्रो. सुधीर भदौरिया, महानिदेशक सीएसआइ डा एन. कलईसेल्वी और प्रदेश के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख सचिव निकुंज श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित थे।

इस विज्ञान महोत्सव का आयोजन भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (सीएसआइआर), अंतरिक्ष विभाग, परमाणु उर्जा विभाग, विज्ञान भारती व मैनिट के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

## भोपाल के साइंस फेस्ट में आए 6.5 करोड़ साल पुराना डायनासोर के अंडे, शार्क के नुकीले दांत

**भोपाल ,यशभारत।** वन विभाग ने न्यू-एज टेक्नोलॉजी शो हॉल में आठवें भारतीय अंतरराष्ट्रीय साइंस फेस्टिवल का शनिवार से शुरू हो गया। यहां पर साइंस एक्सपो में वन विभाग 6.5 करोड़ साल पुराने डायनोसार के अंडे और हड्डियों के जीवाश्म लाया है, जिसे देखने लोग पहुंच रहे हैं। डायनासोर के जीवाश्म के साथ ही शार्क मछली के दांत, शंख, सितारा मछली के विलुप्त रिश्तेदार के जीवाश्मों को प्रदर्शित किया है। जीवाश्म विशेषज्ञ विकास वर्मा का कहना है कि प्रदर्शनी में रखे अंडे शाकाहारी डायनोसार के हैं। इनका व्यास 18 सेमी का है। ऐसे छह अण्डे हैं। यह अंडे उस समय के हैं, जब धरती से डायनासोर विलुप्त हो रहे थे। इसके अलावा प्रदर्शनी में डायनोसार की हड्डियों के जीवाश्म भी हैं। 7.4 करोड़ साल पुराने शार्क के दांत भी प्रदर्शित किए गए हैं। यह हरे पत्थरों से निकलते हैं। इसके अलावा सितारा मछली का विलुप्त रिश्तेदार, शंख, सीप और शार्क की हड्डियों को भी जीवाश्म के तौर पर रखा गया है। मध्यप्रदेश के धार जिले में राष्ट्रीय जीवाश्म पार्क बन रहा है। धार जिले के आसपास सैकड़ों जीवाश्म मिले हैं, जिनके डायनासोर के अंडे होने की पुष्टि हो चुकी है। कुक्षी के पास के इस इलाके को डायनासोर का इलाका माना जाता है। पेड़ों के तनो के जीवाश्म भी मिले हैं, जो करोड़ों साल पुराने हैं। यह 50-50 फीट के हैं। अब यह पत्थर बन चुके हैं। इन्हें सबसे बड़े वृक्षों के जीवाश्मों के तौर पर प्रदर्शित किया जाएगा। पार्क में जीवाश्मों को भी संरक्षित रखने की सुविधा होगी। मैनिट में साइंस फेस्टिवल के आयोजन के पहले ही दिन अव्यवस्था दिखी।

## पांच सूत्रीय मांगों को लेकर बिजली संविदा कर्मचारी हड़ताल पर

भोपाल ,यशभारत। मध्य प्रदेश के बिजली संविदा कर्मचारी और आउटसोर्स कर्मचारी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर शनिवार से काम बंद हड़ताल पर चले गए हैं। उनको हड़ताल को नियमित कर्मचारी संगठन ने भी समर्थन कर दिया है। बिजली संविदा कर्मचारी और आउटसोर्स कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि पांच सूत्रीय मांगों को लेकर 6 हजार संविदा कर्मचारी और 45000 हजार आउटसोर्स कर्मचारी हड़ताल पर है। एक दिवसीय प्रदर्शन की अनुमति मिलने पर मैनिट ग्राउंउ पर धरना प्रदर्शन किया गया। अब हमारी हड़ताल के साथ सोमवार से नियमित कर्मचारी संगठन भी जुड़ रहे हैं। इससे पहले हमारे द्वारा सरकार को अपनी मांगों को मानने के लिए समय दिया गया था।

# बंदरों के आतंक से पनागर वासी परेशान



## अनेकों लोगों को घायल कर चुके लाल मुंह के बंदर

**पनागर, यशभारत।** नगर पालिका परिषद पनागर अंतर्गत बंदरो के आतंक से पनागर वासी परेशान नपा.में अनेकों बार शिकायत किये जाने के बाद भी बंदरो का आतंक झेलने नगर के रहवासी मजबूर है प्रताप वार्ड में पानी की टंकी शिवमंदिर के पास काफी लंबे समय से पागल लाल मुंह के बंदर के आतंक से वार्ड वासी परेशान है नगर के शिवाजी वार्ड, विद्यासागर वार्ड, विनोवाभावे वार्ड,सुभाष वार्ड ,भागतसिंह वार्ड ,गांधी वार्ड में बंदरों के आतंक की अधिक मार झेल रहे है बंदरो का रोड पर घूमने से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है शिवाजी वार्ड की निशा कुशवाहा ने बताया की यह उत्पाती बंदर घरों में घुसकर खाने-पीने की सामग्री ले जाते हैं प्रताप वार्ड निवासी श्रीमती मनीषा गौतम ने बताया कि छोटे-छोटे बच्चों को घरों से निकलने पर डर बना रहता है गांधी वार्ड निवासी ज्योति सोनी ने बताया बंदरो का इतना आतंक की आये दिन पानी की टंकी तोड़ दिया करते है जिस कारण हमेशा परेशानी बनी रहती है लाल मुंह के बंदरों के आतंक से लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है सुबह 5-30 बजे से ही नगर की गलियों व घरों के सामने घूमते देखे जाते हैं जिससे महिलाएं व छोटे बच्चे गलियों से निकलने में डरते हैं इन बंदरो को पकड़े जाने की मांग ,लक्ष्मी कुशवाहा,बर्षा कुशवाहा,गौरी कुशवाहा,पूनम यादव,सरोज रानी पटेल,सावित्री सोनी,राजेश विश्वकर्मा,सृजन व्यास,विपिन गुप्ता ने मुख्य अधिकारी अधिकारी पनागर एवं वन विभाग अधिकारियों से ध्यान देने की मांग की है।

### इनका कहना

बंदरो को पकड़ने टेंडर जारी किए गए थे बंदरो को जल्द ही पकड़वाया जायेगा।

**प्रदीप पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष पनागर**

उत्तरप्रदेश के मथुरा से टीम बुलाई जाती है नगर पालिका नगर पंचायत को भुगतान करना होता है वन विभाग की टीम बंदर पकडने वाली टीम के साथ सहयोग के लिए हमेशा तत्पर है।

**रेंजर, सौरभ शर्मा, पनागर**

# सुमन एचपी गैस एजेंसी मझोली द्वारा ग्राम पोला में एलपीजी पंचायत और सेप्टी कलीनिक का कार्यक्रम किया



**मझौली, यशभारत।** आज सुमन HP गैस एजेन्सी मझोली द्वारा ग्राम पोला में रुक्कत पंचायत और सेप्टी किलिनिक का कार्यक्रम किया गया एवं सभी ग्राहकों को गैस से संबधित सुरक्षा के उपाय और गैस का उपयोग करने से होने वाले फायदे की जानकारी और गैस चूल्हा रिप्यार किचिन एप्रान , गैस लाइटर की जानकारी कैंप लगा कर दी गई इस मौके पर सुमन गैस एजेन्सी की ओर से ऑफिस स्टाप भूपेंद्र राजपूत ,मेकेनिक अभिषेक पांडे, धर्मेंद्र झारिया, ,आजाद ठाकुर,लल्लू कोल, और पोला गांव के सरपंच ब्रज लाल पटेल सचिव रवि पटेल सहायक सचिव अनिल पटेल , बी. डी.सी. अरविंद पटेल , आगनवाड़ी कार्यकर्ता गीता यादव , सहयका कुशुम बाई एवं गांव के वरिष्ट जन और अभी गैस उपभोक्ता महिलाएं वा पुरुष उपस्थित रहे।

# मानव जीवन में खेलों का विशेष महत्व है : राकेश सिंह





सांसद खेल महोत्सव कबड्डी में उत्तर विधानसभा विजेता

**जबलपुर, यशभारत।** मानव जीवन में खेलों का विशेष महत्व है और सामाजिक संरचना में टीम वर्क की महत्ता एवं उत्तम स्वास्थ्य की दृष्टि से तो यह अतिमहत्वपूर्ण है यह बात सांसद राकेश सिंह ने सांसद खेल महोत्सव के दसवें दिन आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल मैच एवँ बास्केटबॉल के प्रदर्शन मैच पर कही। सांसद श्री सिंह ने कहा देश के यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का देशवासियों से खेलों को बढ़ावा देने का सदैव ही आग्रह रहा है, और इस दिशा में हमारी सरकारें निरंतर कार्यरत हैं, लेकिन यह कार्य सरकार अकेले नहीं कर सकती, इसके लिए जन जागरूकता व सहभागिता भी आवश्यक है। सांसद खेल महोत्सव में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में बरगी एवँ उत्तर विधानसभा की टीम के बीच फाइनल मैच आयोजित हुआ जिसमें उत्तर विधानसभा की टीम विजेता रही।कब्बडी प्रतियोगिता के प्रभारी धर्मेंद्र सिंह पप्पू ने बताता कि वार्ड एवँ पंचायत के बाद मंडल स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित हुई इसके बाद शहरी क्षेत्र की चार और ग्रामीण क्षेत्र की चार विधानसभाओं की कुल आठ टीमें जिला स्तर पर पहुँची जिनमे मैच के बाद फाइनल में शहरी क्षेत्र से उत्तर विधानसभा एवँ ग्रामीण क्षेत्र की बरगी विधानसभा की टीम के बीच फाइनल मैच हुआ जिसमे बरगी को 26 पॉइंट एवँ उत्तर को 29 पॉइंट प्राप्त हुए और 3 पॉइंट से उत्तर विधानसभा विजयी हुई। बास्केटबॉल का भी प्रदर्शन मैच आज आयोजित हुआ है। सांसद श्री सिंह ने कहा खेलो की इस आयोजन को महोत्सव का रूप देते हुए हमने ऐसे पारम्परिक खेल को भी इसमे शामिल किया जिन्हें खेलकर हमारी कई पीढ़ियाँ बढ़ी हुयीं हैं, किंतु आज की पीढ़ी को उसकी जानकारी नहीं है उनमें पिट्ठू, गिल्ली डंडा, कंचा, चीटी धप्प, भौंरा, रस्सी कूद जैसे खेलो को प्रतिदिन महिलाएँ, बच्चे और बुजुर्ग खेल रहे है।इस दौरान सांसद श्री सिंह ने भी बच्चों के साथ गिल्ली डंडा, कंचा और गुलेल खेल खेले।कबड्डी मैच में निर्णायक की भूमिका शानू यादव, दिनेश तिवारी, मंजीत संवाल, सुनील ताम्रकार, मनीष रजक एवँ जितेंद्र यादव ने निभाई।

# सिंगोद ग्राम में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

## सरपंच संगठन अध्यक्ष ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ



**बेलखाडू , यशभारत।** पनागर के ग्राम पंचायत सिंगोद में चौधरी क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है जिसका शुभारंभ सरपंच संगठन जनपद पंचायत पनागर के अध्यक्ष प्रदीप पटेल ने क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया पहला मेच इंद्राना और जलगाँव के बीच खेला गया मेच 14 ओबर का था जिसमे ग्राम जलगांव की टीम विजेता रही इस अवसर पर विक्रांत चौधरी,रमाकांत ,रामलाल ,हर्ष ऋषभ, लक्ष्मीनारायण, किशन , नीरज पटेल,शेलू पटेलअभिषेक पटेल, मनीष रजक ,छोटू विश्वकर्मा,विकाश पटेल आदि खिलाड़ियों सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# सीएम राइज विद्यालय में कैरियर मेले का आयोजन

**सिहोरा, यशभारत।** सी एम राइज पंडित विष्णु दत्त शास उत्कृष्ट उ मा विद्यालय में कैरियर मेला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आशीष पांडे अनुविभागीय अधिकारी, सिद्धार्थ गौतम,डॉ अरुणा पाण्डेय प्राध्यापक एस एस अग्रवाल कालेज,श्रीमती भावना मरावी एस डी ओ पुलिस एवं शाखा प्रबंधक एस बी आई धीरज प्रकाश विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।संचालन डॉ मनीषा खरे कैरियर काउंसलर ने किया।सभी अतिथियों ने बच्चों को कैरियर के संबंध में विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी दी। जीवन मे आत्म निर्भर बनने पर जोर दिया। इसके बाद आई टी और इलेक्ट्रॉनिक हार्ड वेयर के बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये।अर्द्ध वार्षिक परीक्षा में प्रत्येक कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने एंव सौ प्रतिशत उपस्थिति देने वाले और सृजन शीलता में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों को रोली लगाकर तथा पेन देकर उनका सम्मान किया गया।

# विद्युत कर्मचारियों की बेमुद्दत कार्य वहिष्कार हडताल प्रारम्भ

## ठप्प हो सकती है विद्युत व्यवस्था

**सिहोरा, यशभारत।** मध्य प्रदेश विद्युत अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ,तकनीकी कर्मचारी संघ,मध्य प्रदेश बिजली आउटसोर्स कर्मचारी संगठन,मध्य प्रदेश बाह्य श्रोत विद्युत कर्मचारी संगठन,विद्युत आउट सोर्स परिषद भोपाल,विंध्य आउट सोर्स कर्मचारी संगठनों एवं विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन,मध्य प्रदेश विद्युत मंडल अभियंता संघ के समर्थन में संयुक्त रूप से विभिन्न विद्युत कंपनियों मे कार्यरत कार्मिकों की जायज मांगों के निराकरण के लिए 6 जनवरी से अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार आंदोलन प्रस्तावित किया गया था।किंतु 5 जनवरी को प्रमुख सचिव ऊर्जा द्वारा 15 दिवस के अंदर मांगों के संतुष्टि पूर्ण निराकरण हेतु मुख्य मंत्री से वार्ता करवाने और प्रत्येक मांग पर सकारात्मक निराकरण के आश्वासन दिए जाने के उपरांत आंदोलनरत पांचो संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से कार्य बहिष्कार को स्थगित किया गया था लेकिन कोई संतोषजनक उत्तर न मिलने के कारण उपरोक्त मांगों के समर्थन में मध्य प्रदेश के 40000 आउटसोर्स कर्मी एवं 7000 संविदा कर्मीयों ने आज 21 जनवरी से अनिश्चितकालीन हडताल के तहत कार्य बहिष्कार प्रारम्भ कर दिया है।जिससे मध्य प्रदेश की विद्युत व्यवस्था पूरी तरीके से ठप्प होने की संभावना हैं। विभिन्न विद्युत कंपनियों मे कार्यरत आउट सोर्स कर्मियों का विभागीय पॉलिसी बनाकर संविलियन एवं वेतन वृद्धि व रुपये 20.00 लाख का दुर्घटना बीमा कराया जाये,संविदा अधिकारियों एवं कर्मचारियों का नियमितीकरण भाजपा जनसंकल्प 2013 अनुसार तत्काल किया जाए,सभी वर्गो के कर्मियों के लंबित फ्रिंज बेनिफिटस का भुगतान किया जाए एवं अधिकारियों कर्मचारियों एवं पेंशनरों के लिए कैशलेस मेडिक्लेम पॉलिसी लागू की जाए सहित अन्य मांगे शामिल है।

# वीर सपूत महान योद्धा महाराणा प्रताप जी की पुण्यतिथि मनाई



**गोटेगांव, यशभारत।** चेतकासीन रघुकुल भूषण, आर्यकुल कमल दिवाकर, यवदर्य राष्ट्रगौरव वीरशिरोमणि, अधिपति अग्रगण्य, नरव्याघ्र, मेवाड़केसरी क्रांतिसूर्य एकलिंगजी दीवान,स्वाभिमान पर्याय-पुरूष, विश्वविभूति महाराणा प्रताप जी की पुण्यतिथि को 19 जनवरी को याद करते हैं कार्यक्रम का आयोजन नया बस स्टैंड परिसर में हिंदू धार्मिक उत्सव समिति द्वारा किया गया सर्वप्रथम महाराणा प्रताप जी के चित्र पर माल्यार्पण रोली चंदन तिलक लगाकर उनके चरणों में नमन किया कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में कीड़ा अधिकारी प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा की निजी रूप से मेरा यह मानना है कि भारतीय इतिहास के ऐसे क्रांतिपुँज को आदर-स्मरण के लिए किसी दिन-विशेष की अपेक्षा प्रत्येक दिन ही विशेष है। एकात्म स्वाभिमान-साधना के पुण्यशरीर विग्रह महाराणा का नाम साधन शून्यता के बाद भी वर्चस्ववादी-अनाचार के विरूद्ध संघर्षरत प्रत्येक व्यक्ति के मनोबल का विशेषण बन चुका है महाराणा प्रताप के पास का सबसे प्रिय घोड़ा चेतक था महाराणा प्रताप जिस घोड़े पर बैठे थे वह गोरा दुनिया के सबसे शहरों में से एक था ऐसा कहा जाता है कि महाराणा प्रताप तब 72 किलो का कवच पहनकर 81 किलो का भाला अपने हाथ में रखते थे भाला कवच और ढाल तलवार का वजन कुल मिलाकर 208 किलो था महाराणा प्रताप 208 किलो वजन के साथ युद्ध के मैदान में उतरते थे सोचिए तक उनकी शक्तिक्या रही होगी हम भारत माता के ऐसे सच्चे वीर सपूत के चरणों में नमन करते हैं और उनके मार्ग पर चलने का उपस्थित सभी युवा जन संकल्प लेते हैं।

# ग्रांम पंचायत केवलारी में आनंदोत्सव कार्यक्रम



**सिहोरा, यशभारत।** प्रदेश सरकार द्वारा सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में पंचायत एंव निकाय सहित अन्य स्तर पर चलाये जा रहे आनंद उत्सव कार्यक्रम के तहत गत दिवस जनपद पंचायत सिहोरा की ग्रांम पंचायत केवलारी में आनंदोत्सव कार्यक्रम का आयोजन ग्रांम के वरिष्ठ उमाशंकर गर्ग के मुख्य अतिथ्य में किया गया जिसमें विद्यार्थियो ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। अतिथियों ने बच्चों को सम्मानित करते हुए पुरस्कार भी प्रदान किए।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक के जी पाठक द्वारा किया गया।इस अवसर पर जनपद सदस्य श्रीमती मंजू गौतम,केवलारी सरपंच श्रीमती मोनू धनंजय परोहा, ,तेजराम बर्मन,आनंद चौरसिया,अनिल सिलावन,कृपाल सिंह मार्को,राजेश,सचिव चन्द्रभान शुक्ला,मोनू महोबिया,रामराज पटेल,संतराम यादव,लालजी पटेल,कृष्ण गोपाल पटेल,राजकुमार यादव,हृदय लाल पटेल,मुन्ना श्रीवास,राधेलाल पटेल,संतोष पटेल,राजेश कोल सहित गणमान्य नागरिक,ग्रांमवासी एव स्कूल के छात्र छात्रा बडी संख्या में उपस्थित थे।



# श्री चंदा प्रभु जिनालय में शनि अमावस्या पर श्री भगवान मुनि सुब्रत नाथ जी का किया अभिषेक एवं पूजन

**पनागर, यशभारत।** नगर के विद्यासागर वार्ड स्थित श्री 1008 चंदा प्रभु जिनालय नायक मंदिर जी में शनि अमावस्या के पावन पर्व पर प्रातः 9 भगवान श्री 1008 मुनि सुब्रत नाथ जी का अभिषेक शांतिधारा एवं पूजन संपन्न हुई इस अवसर पर सुबह से ही भक्तजनों का तांता लगा रहा सुबह भगवान को बेदी से अभिषेक हेतु पांडव शिला पर विराजमान किया गया तत्पश्चात सभी भक्तजन प्रकाश नायक विमल जैन प्रभात नायक अन्नू जैन प्रकाश जैन मैनेजर नीरज मोदी आशीष चौधरी संजय पुजारी शंभू मोदी सहित अनेक भक्त जनों ने अभिषेक विधान एवं पूजन आरती कर पुण्य अर्जन किया इस अवसर पर महिला समिति की श्रीमती समीक्षा चौधरी,श्रीमती मगन जैन बुआ, श्रीमती ज्योति जैन पूर्व पार्षद,श्रीमती अर्चना नायक, श्रीमती खजांची,श्रीमती पुष्पा लसगरी,श्रीमती शिल्पी जैन मोदी,श्रीमती मधु लसगरी अनेक महिलाएं एवं बच्चे भी उपस्थित थे।

# बसंत पंचमी झोतेश्वर में मेले का आयोजन 26 जनवरी से

## दुकान, वाहन स्टैंड नीलामी के मिले प्रभार



**गोटेगांव, यशभारत।** समीपवर्ती धर्मस्थल परमहंसी गंगा आश्रम झोतेश्वर धाम में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी बसंत पंचमी पर मेले का आयोजन आगामी दिनांक 26 जनवरी 2023 से प्रारंभ किया जाएगा मेले का आयोजन ब्रह्मलीन आदि शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज की प्रेरणा से ग्राम पंचायत द्वारा आयोजित किया जाता है मेले के आयोजन में विभिन्न प्रकार के आयोजन प्रयोजन किए जाते हैं जिसमें अनेकों दर्शक मेले का आनंद लेने बसंत पंचमी पर दूर दूर से मेले का आनंद लेने लोग पहुचते है वर्ष 2023 के आयोजन का दुकान वसूली का भार जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत झौत को सौंपा गया जबकि वाहन स्टैंड गोटेगांव स्थानीय निवासी हैमंत झारिया सहयोगी राजेश झारिया को आदेश स्वीकार किए गए जिसमें वाहनों के किराया वसूली शर्त अनुसार निर्धारित किए हैं मेला कार्यक्रम के आयोजन में झोतेश्वर ग्राम वासियों ने आयोजन में उपस्थिति की अपील की है।

# मेरिडीयन स्कूल में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित



**सिहोरा, यशभारत।** विधानसभा के ग्रांम पंचायत गांधीगंज में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन मेरिडीयन एस एस विद्यालय में विधायक नंदनी मरावी, भाजपा जिलाध्यक्ष सुभाष तिवारी, वरिष्ठ प्रताप सिंह बघेल, उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल, गामीण भाजयूमो जिलाध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष एंव जनपद उपाध्यक्ष दिलीप पटेल, जनपद सदस्य धमेन्द्र राजपूत, अनिल चौधरी की उपस्थिति में किया गया जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लिखित पुस्तक एंव एग्जाम वारियर्स पर आधारित आर्ट एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमे अतिथियों ने स्कुल के छात्र छात्राओं से संवाद किया एंव उन्हें आकर्षक पुरस्कार भी प्रदान किए।

# आनंद उत्सव एवं खेलो इंडिया कार्यक्रम का आयोजन



**कुंडम, यशभारत।** आनंद उत्सव खेलो इंडिया कार्यक्रम नगर में शासन के दिशा निर्देश अनुसार उत्कृष्ट विद्यालय कुंडम प्रांगण में आनंद उत्सव एवं खेलो इंडिया कार्यक्रम रखा गया जिसमें क्षेत्रीय विधायक श्रीमती नंदनी मरावी द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया जिसमें शासकीय कन्या स्कूल उत्कृष्ट विद्यालय कस्तूरबा गांधी मिडिल स्कूल के सभी छात्र छात्राओं ने अपनी-अपनी प्रतिभा दिखाई डांस गीत नाटक खो-खो कबड्डी कुर्सी दौड़ अनेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया प्रतिनिधियों द्वारा दी गई राशि एवं शील्ड मेडल प्रथम द्वितीय तृतीय छात्र-छात्राओं को दिया गया उसी बीच ग्राम पंचायत द्वारा गरीबी रेखा वालों को शासन द्वारा दी गई सिगड़ी का भी वितरण कुछ लोगों को किया गया बाकी लोगों को ग्राम पंचायत कार्यक्रम रखकर किया जाएगा इसी बीच विधायक प्रतिनिधि कमलेश साहू द्वारा आनंद उत्सव का गीत गाया गया इस कार्यक्रम में उपस्थित विधायक नंदनी मरावी जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष बडकरे जनपद अध्यक्ष सुरेंद्र धुर्वे जनपद उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ठाकुर नायब तहसीलदार नेहा जैन जनपद सीईओ पीएल यादव सांसद प्रतिनिधि सतीश अवस्थी मंडल अध्यक्ष राजेश साहू ग्राम पंचायत सरपंच अर्चना साहू उपसरपंच रविंद्र चुन्नू साहू संतोष मिश्रा संतोष जैन पूर्व सरपंच राजकुमार साहू सचिव ज्ञान सिंह सहायक सचिव सचिन साहू सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं पंचगढ अधिकारीगण उपस्थित रहे एवं आनंद उत्सव का पूरा पूरा आनंद उठाया गया।

# शिवांशु (अंशु) बने भाजपा के मंडल संयोजक



**कुंडम, यशभारत।** भारतीय जनता पार्टी आईटीसेल कुंडम मंडल संयोजक के पद पर युवा नेता शिवांशु जायसवाल पिता श्री ओम प्रकाश जायसवाल की नियुक्ति की गई कुण्डम में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा में हर्ष व्याप्त है क्षेत्र की विधायक श्रीमती नंदनी मरावी जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष वरकड़े जनपद अध्यक्ष सुरेंद्र धुर्वे विधायक प्रतिनिधि कमलेश साहू मंडल अध्यक्ष राजेश साहू युवामोर्चा से राहुल निगम मोर्चा अध्यक्ष आकाश पुरी द्वारा एवं भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिला कर बधाई दी एवं हर्ष व्यक्त किया।

भारत ने न्यूजीलैंड को 8 विकेट से हराया

# टॉस जीतकर फैसला भूले रोहित

**रायपुर, ईएमएस।** भारत-न्यूजीलैंड वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला शनिवार को रायपुर के शहीद वीर नरायण सिंह स्टेडियम में खेला गया। इसे भारतीय टीम ने 8 विकेट से जीत लिया। इसके साथ ही टीम इंडिया ने 3 मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल बना ली है। भारत ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन और रोहित शर्मा की अर्धशतकीय पारी के दम पर दूसरा मुकाबला जीत लिया है। सीरीज का आखिरी मुकाबला 24 जनवरी को इंदौर में खेला जाएगा। भारत ने टॉस जीतकर बॉलिंग करने का फैसला लिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड टीम 34.3 ओवर में 108 रन ऑलआउट हो गई। उसकी ओर से ग्लेन फिलिप्स ने सबसे ज्यादा 36 रन बनाए। मिचेल सैंटनर ने 27 और पिछले मैच के शतकवीर माइकल ब्रेसवेल ने 22 रन बनाए। कीवी टीम के 8 बल्लेबाज 10 रन का आंकड़ा भी नहीं छू पाए।भारत के लिए शमी ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। हार्दिक पंड्या और वॉशिंगटन सुंदर को 2-2 विकेट लिए। मोहम्मद सिराज, शार्दूल ठाकुर और कुलदीप यादव को एक-एक विकेट मिला।जवाब में भारत ने 20 ओवर में 2 विकेट पर जीत के लिए जरूरी रन बना डाले। कप्तान रोहित शर्मा ( 51 रन) अपना 48वां वनडे शतक बनाकर आउट हुए। रोहित ने शुभमन गिल के साथ 86 गेंद पर 72 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। पिछली 5 पारियों में दोनों ने चौथी बार 50+ की साझेदारी की। कॉमेंटेटर रवि शास्त्री भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और न्यूजीलैंड के कैप्टन टॉम लॉथम के साथ टॉस के लिए पहुंचे थे। इस दौरान एक मजेदार वाकया हुआ। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा टॉस जीतकर फैसला लेना भूल गए। टॉस जीतने के बाद रवि शास्त्री ने उनसे पूछा कि वे क्या करना चाहते हैं। ऐसे में रोहित भूल गए कि टीम का फैसला क्या है। उन्हें कॉल लेने में करीब 20 सेकेंड का समय लग गया। इसके बाद उन्होंने कहा कि पहले बॉलिंग करेंगे। फॉलो-थ्रू में पंड्या का कमाल कैच कीवी टीम की पारी के 10वें ओवर में हार्दिक पंड्या ने फॉलो-थ्रू में कमाल का कैच पकड़ा। ओवर की चौथी बॉल पर ड्वेन कॉन्वे ने बॉलर पंड्या की दिशा में शॉट खेला। बॉल जमीन के करीब थी



और गिरने ही वाली थी, तभी पंड्या ने बेहतरीन डाइव लगाते हुए एक हाथ से कैच लपक लिया।

## शमी भी पीछे नहीं रहे

पंड्या से पहले मोहम्मद शमी ने भी एक हाथ से डेरिल मिचेल को रिटर्न कैच पक?ा था, हालांकि यह बॉल हवा में जमीन से काफी ऊपर थी।

## रोहित-कुलदीप ने टपकाए कैच

20वें ओवर की आखिरी बॉल पर रोहित शर्मा ने मिडविकेट पर मिचेल सेंटनर का कैच ड्रॉप किया। उसके बाद 24वें ओवर की तीसरी बॉल पर कुलदीप ने सेंटनर का कैच छो?ा। इस बार बॉल कुलदीप के सिर के ऊपर ही ख?ी हो गई थी। वे खुद गेंदबाजी के मोर्चे पर थे। कुलदीप ने कैच लेने का प्रयास किया, तो बॉल हथेलियों से उछलकर अंपायर की ओर चली गई। भारतीय स्पिनर ने कैच लेने का दूसरा प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सके। बाद में सेंटनर 27 रन के स्कोर पर पंड्या का शिकार बने।

## मैदान पर घुसा नन्हा फैन

भारतीय पारी के 10वें ओवर में एक नन्हा फैन सुरक्षा घेरा तोड़कर मैदान पर घुस आया। उस समय रोहित शर्मा और शुभमन गिल क्रीज पर थे। वह फैन रोहित की ओर दौड़ा और भारतीय कप्तान से लिपट गया। इतने में सुरक्षा कर्मी भी पहुंच गया। बाद में रोहित शर्मा ने सुरक्षा कर्मी से उस फैन के खिलाफ कारवाई नहीं करने का आग्रह किया। वह लड़का रोहित शर्मा से कुछ इस तरह लिपट गया।

## मैदान पर ही पुशअप लगाने लगे पंड्या

फील्डिंग के दौरान हार्दिक पंड्या मैदान पर पुशअप लगाते दिखे। इस मुकाबले के दौरान उन्होंने अपनी बेहतरीन फिटनेस भी दिखलाई।

# कल अथिया शेट्टी के हो जाएंगे केएल राहुल

### विरासत में मिली क्रिकेट...पिता की गलती से मिला नाम, कॉफी विद करण विवाद में भी फंसे



**मुंबई, एजेंसी।** टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज केएल राहुल 23 जनवरी को बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी की बेटी अथिया शेट्टी से शादी करने जा रहे हैं। शनिवार को खंडाला में हल्दी की रस्म हुई।इस स्टोरी में हम राहुल के करियर को पलट कर देखेंगे।केएल राहुल के पिता डॉ. केएन लोकेश सुनील गावस्कर के फैन थे। वे अपने बेटे का नाम गावस्कर के बेटे रखना चाहते थे। गावस्कर के बेटे का नाम रोहन था। लेकिन केएल के पिता केएन लोकेश को मालूथ था कि गावस्कर के बेटे का नाम राहुल है। उन्होंने अपने बेटे का नाम केएल राहुल पड़ गया।


## विरासत में मिली क्रिकेट

केएल राहुल के पिता भी अच्छे क्रिकेट रहे हैं। वे कॉलेज लेवल पर खेलते थे। ऐसे में केएल राहुल को खेल विरासत के रूप में मिला। राहुल ने बचपन में फुटबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, वॉलीबॉल और तैराकी की प्रतियोगिताओं में भी हिस्सा लिया। आखिरकार क्रिकेट को करियर के रूप में चुना। केएल राहुल के पिता ह्वढ्ढञ्ज (नेशनल इंस्टीट्युट ऑफ इंजीनियरिंग, कर्नाटक) के सिविल इंजीनियरिंग विभाग में प्रोफेसर हैं। उनकी मां भी मंगलौर यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर थी। राहुल ने अपना हाई स्कूल ह्वढ्ढञ्ज इंग्लिश मीडियम स्कूल और कॉलेज प्री-यूनिवर्सिटी बेंगलुरु के सेंट अलॉयसियस से पूरा किया। बाद में वे बेंगलुरु की जैन यूनिवर्सिटी में पड़ने लगे, ताकि पूरा ध्यान क्रिकेट में लगा सकें। इस यूनिवर्सिटी की क्रिकेट टीम अच्छी थी।

## 12 साल की उम्र में 2 दोहरे शतक

राहुल ने 10 साल की उम्र में क्रिकेट अकादमी में दाखिला ले लिया था। दो साल बाद वे क्लब क्रिकेट खेलने लगे। 12 साल की उम्र में राहुल ने कर्नाटक के लिए अंडर-13 इंटर जोनल टूर्नामेंट में 2 दोहरे शतक लगाए थे। बाद में वे कर्नाटक के लिए अंडर-13, अंडर-15, अंडर-17, अंडर-19 और अंडर 23 टीम का हिस्सा रहे। 18 साल की उम्र में राहुल अंडर-19 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में चुने गए। इसी साल उन्हें कर्नाटक की रणजी टीम के लिए खेलने का भी मौका मिला। उन्होने पंजाब के खिलाफ अपना डेब्यू किया। उन्हें अगले सीजन में टीम में शामिल नहीं किया गया, लेकिन राहुल ने मेहनत की और 2012-13 में कर्नाटक रणजी टीम में वापसी की और उस सीजन में उन्होंने 5 मैच खेले और 50 की एवरेज से 400 रन बनाए। 2013-14 के डोमेस्टिक सीजन में उन्होंने 1,033 फर्स्ट क्लास रन बनाए, जो उस सीजन में दूसरे सबसे बड़े स्कोरर थे। राहुल 2013 में बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज IPL फ्रेंचाइजी RCB से जुड़े । उनका पहला सीजन खास नहीं रहा। अगले साल उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद ने 1 करोड़ में खरीदा। उन्होंने 11 मैच खेले और 166 रन बनाए। 2016 के सीजन में उन्हें RCB ने फिर खरीदा, तब राहुल ने IPL सीजन में 397 रन बनाए। वे कंधे की चोट के कारण 2017 का सीजन नहीं खेल सके थे। पिछले साल उन्हें लखनऊ फ्रेंचाइजी ने 17 करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा।

# टेनिस में देर रात होने वाले मैच खिलाड़ियों के लिए हानिकारक



### ग्रैंड स्लैम में बेस्ट ऑफ-3 फॉर्मेट अपनाकर देरी से बचा जा सकता है

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियन ओपन में शुक्रवार को एंडी मरे और थानासी कोकिनाकिस के बीच मैच सुबह 4 बजे खत्म हुआ। ये कोई खास रूप से आयोजित मैराथन मैच या टूर्नामेंट नहीं था और न ही ऐसा पहली बार हुआ। पिछले सितंबर में यूएस ओपन में कार्लोस अल्कारेज और जेनिक सिनर भी रात के 3 बजे तक मैच खेल रहे थे। टेनिस इकलौता ऐसा टूर्नामेंट है जिसमें एथलीट पूरी रात जागकर मैच खेलते हैं और 48 घंटे से भी कम समय में उन्हें फिर से पूरे फोकस के साथ वापस कोर्ट में लौटना पड़ता है। जैसे-जैसे मैच सुबह तक खिंचते जा रहे हैं, वैसे-वैसे खिलाड़ी अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य और प्रदर्शन की चिंता करते हुए ऐसे मैचों से पीछे हटते जा रहे हैं। इस दौरान फैंस को भी अक्सर स्टैंड्स या सोफे में सोते हुए देखा गया है। मरे और कोकिनाकिस का ये मैच अब तक तीसरा सबसे देर से खत्म होने वाला मैच था। इससे पहले पिछले साल मैक्सिको में हुआ ज्वेरेव और ब्रूक्सबी का मैच सुबह 4ऱ्54 बजे और 2008 के ऑस्ट्रेलियन ओपन में हेविट और बगडाटिस के बीच हुआ मैच 4ऱ्34 बजे खत्म हुआ था। मैच के बाद एंडी मरे ने कहा था कि इस तरह के मैच खिलाड़ी, अंपायर और फैंस किसी के लिए भी अच्छे नहीं हैं। ऑस्ट्रेलियन टेनिस स्टार निक किर्गियोस ने कहा कि देर रात मैच खिलाड़ियों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए बिल्कुल अच्छे नहीं हैं। पिछले साल यूएस ओपन में उनके ज्यादातर मैच 1 बजे खत्म होते थे, जिसके बाद खाने-पीने और मीडिया से बात खत्म करके सोने में सुबह के 4 बज जाते थे। इसका उनके स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता था। ऐसे मैच के दौरान फैंस को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। देर रात मैच के दौरान फैंस को कभी घर जाने के लिए कैब ढूंढते तो कभी फोन चार्ज करते हुए पाया जाता है। रात में पब्लिक ट्रांसपोर्ट न होने के चलते उन्हें शेयर कैब या टैक्सी से घर जाना पड़ता है। टेनिस में आधी रात के बाद मैच न शुरू करने को लेकर तो नियम हैं लेकिन आधी रात के बाद खत्म हो रहे मैच के लिए फिलहाल कोई दिशा-निर्देश नहीं हैं। साथ ही ग्रैंड स्लैम में मैच में बेस्ट ऑफ-5 अपनाया जाता है। बेस्ट ऑफ-3 पर स्विच करना मैच के खत्म होने के समय को नियंत्रित करने के सबसे प्रभावी तरीकों में से एक हो सकता है। इसके अलावा जल्दी मैच शुरू करके, रात के सत्र में 2 की जगह केवल 1 मैच रखकर भी इस समस्या को हल किया जा सकता है। साथ ही सिंगल्स मैच को डबल्स के साथ रखा जा सकता है। अगर सिंगल्स लंबा खिंचता है तो डबल्स दूसरे कोर्ट में खेला जा सकता है।

# सुष्मिता सेन ने खरीदी मर्सिडीज बेंज कार

सोशल मीडिया पर शेयर किया वीडियो, गाड़ी की कीमत है 2.07 करोड़ रुपए

मुंबई, ईएमएस। बॉलीवुड एक्ट्रेस सुष्मिता सेन अपनी कमाल की एक्टिंग और खूबसूरती के लिए जानी जाती हैं। आए दिन सुष्मिता अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए काफी सुर्खियां भी बटोरती हैं। इसी बीच एक्ट्रेस ने खुद को एक बेहद महंगी कार मर्सिडीज-बेंज गिफ्ट की है, जिसका एक वीडियो उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है। इस वीडियो को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, और जो महिला ड्राइव करना पसंद करती है वो खुद को यह शक्तिशाली और सुंदर तोहफा देती है। एक्ट्रेस की इस कार का मॉडल मर्सिडीज बेंज जीएलई कूप मर्सिडीज- AMG है और इस कार की कीमत 2.07 करोड़ रुपए है। इस दौरान सुष्मिता ब्लैक ड्रेस में नजर आ रही हैं और उनके चेहरे पर खुशी साफ झलक रही है। इस वीडियो के सामने आते ही सुष्मिता के फैंस से लेकर सेलेब्स तक हर कोई उन्हें बधाई दे रहा है।




## गाड़ियों का शौक रखती हैं सुष्मिता

बता दें कि सुष्मिता सेन को लग्जरी कारों का बहुत शौक है। उनके कार कलेक्शन में 1.38 करोड़ की बीएमडब्ल्यू7 सीरीज 730एलडी, 96.03 लाख की बीएमडब्ल्यू एक्स6, 75 लाख रुपए की ऑडी क्यू7 और 35 लाख रुपए की लेक्सेस एलएक्स 470ज जैसी कारें शामिल है।

# फिल्म भोला शंकर पर काम कर रहे हैं चिरंजीवी



**नई दिल्ली।** हाल ही में प्रदर्शित हुई फिल्म वाल्टेयर वीरय्या की सफलता का सुपर स्टार चिरंजीवी आनंद ले रहे हैं। वर्तमान में चिरंजीवी अपनी आगामी फिल्म भोला शंकर पर काम कर रहे हैं। यह तमिल फिल्म वेदालम की आधिकारिक रीमेक है। बताया जा रहा हैं कि चिरंजीवी एक और रीमेक करने के लिए बातचीत कर रहे हैं। अजित कुमार की विश्वसम को निर्देशक वीवी विनायक द्वारा तेलुगु में रीमेक किए जाने की संभावना है। मेगास्टार चिरंजीवी फिल्म में अजित की भूमिका को फिर से निभा सकते हैं। चिरंजीवी वर्तमान में निर्देशक मेहर रमेश की भोला शंकर की शूटिंग कर रहे हैं। फिल्म में कीर्ति सुरेश मेगास्टार चिरंजीवी की बहन की भूमिका निभाएंगी। बताया जा रहा हैं कि मेगास्टार तमिल सुपरहिट फिल्म विश्वसम की तेलुगु रीमेक करने के लिए बातचीत कर रहा है। इस फिल्म को वीवी विनायक द्वारा निर्देशित किए जाने की संभावना है। फिलहाल चिरंजीवी ने अभी तक अपनी हामी नहीं भरी है।


# सामंथा के लिए दुखी महसूस कर रहा हूं

**नई दिल्ली।** साउथ अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने हाल ही में एक ट्वीट पर प्रतिक्रिया दी। एक ट्विटर हैंडल ने शाकुंतलम के ट्रेलर लॉन्च इवेंट से अभिनेत्री की एक तस्वीर पोस्ट की और तस्वीर पर लिखा सामंथा के लिए दुखी महसूस कर रहा हूं। उन्होंने अपना सारा आकर्षण और चमक खो दी है। जब सभी ने सोचा कि वह तलाक से मजबूती से बाहर आई है और वह पेशेवर जीवन ऊंचाइयों को देख रही है मायोसिटिस ने उन्हें बुरी तरह मारा जिससे वह फिर से कमजोर हो गई। सामंथा जो सफेद रंग की साड़ी में खूबसूरत लग रही थी और चश्मा पहने हुई थी ने इस ट्वीट का जवाब दिया मैं प्रार्थना करती हूं कि आपको कभी भी महीनों के इलाज और दवा से नहीं गुजरना पड़े जैसा मेरे साथ हुआ.. और यहां मेरी ओर से कुछ प्यार है। अपनी चमक में जोड़ने के लिए। सामंथा को पिछले साल मायोसिटिस नामक एक ऑटोइम्यून स्थिति का पता चला था।



# मुंबई एयरपोर्ट पर पति के साथ नजर आईं नेहा कक्कड़

### हैंडसम लुक में दिखे अनिल कपूर, सिद्धार्थ मल्होत्रा भी हुए स्पॉट




**मुंबई, ईएमएस।** बॉलीवुड सिंगर नेहा कक्कड़ को हाल ही में उनके पति रोहनप्रीत के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया, जिसका एक वीडियो सामने आया है। इस दौरान दोनों ब्लैक आउटफिट में ट्विनिंग करते नजर आए और इसी के साथ दोनों ने चेहरे पर ब्लैक मास्क भी लगाया हुआ है। एयरपोर्ट पर दोनों ने पैपराजी से साथ बातचीत भी की। वहीं, बॉलीवुड एक्टर अनिल कपूर को 66 साल की उम्र में भी डैशिंग लुक में एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। इस दौरान उन्होंने मुस्कुराते हुए पैपराजी को पोज भी दिए। बता दें, हाल ही में अनिल और आदित्य की अपकमिंग सीरीज च्द नाइट मैनेजरज्का हिंदी ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस सीरीज से अनिल और आदित्य रॉय कपूर ह्वञ्ज डेब्यू करने जा रहे हैं। फैंस काफी लंबे समय से ट्रेलर का इंतजार कर रहे थे, क्योंकि ये ब्रिटिश स्पाई सीरीज का हिंदी रीमेक है। इस सीरीज में अनिल आर्म्स डीलर शैली रूंगटा का रोल प्ले कर रहे हैं, वहीं आदित्य द नाइट मैनेजर के रोल में हैं। इनके अलावा सिद्धार्थ मल्होत्रा, अर्जुन रामपाल और सनी कौशल को भी एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया।

# कृषि महाविद्यालय जबलपुर बना ओवर ऑल चैम्पियन

विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने में खेलकूद प्रतियोगिताओं का अमूल्य योगदान-कुलपति डॉ. पीके मिश्रा

**जबलपुर, यशभारत।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के जोनल स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के जवाहर प्रांगण में कृषि महाविद्यालय, जबलपुर और अधिष्ठाता छात्र कल्याण द्वारा आयोजित दो दिवसीय 22वीं अंतर महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता 2022-23 का शुक्रवार को पारितोषिक वितरण एवं समापन समारोह का आयोजन, विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्याआतिथ्य एवं अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे की अध्यक्षता में गरिमामय माहौल में हुआ । मेजबान कृषि महाविद्यालय जबलपुर ने ओवर ऑल चैम्पियनशिप जीती। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर कुलपति डॉ. पीके मिश्रा ने मुख्यअतिथि की आसंदी से कहा कि हार-जीत खेल का भाग होता है, इसे इससे सीखकर आगामी प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन और मेहनत करनी होगी। कुलपति डॉ. मिश्रा ने कहा कि विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने में खेलकूद प्रतियोगिताओं का अमूल्य योगदान है। विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ऐसे प्रतिभागियों का चयन आगामी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिये किया जायेगा। जिससे राष्ट्रीय स्तर के मंच पर भी अपनी खेल प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर जनेकृविवि का नाम रोशन करेंगे। अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों के मानसिक और शारीरिक विकास एवं कौशल उन्नयन में लाभदायक होगा। खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल छात्र-छात्राएं अपने हुनर और कौशल का प्रदर्शन कर निश्चित ही आगे बढ़ेंगे और भविष्य में देश के लिये मैडल जीतकर आयेंगे। समापन समारोह के विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी. के. कौतू संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. डी. पी. शर्मा, संचालक शिक्षण डॉ. अभिषेक शुक्ला, संचालक प्रक्षेत्र, डॉ. दीप पहलवान, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. पी. बी. शर्मा, अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव, उपकुलसचिव डॉ. टी.आर.शर्मा, उप लेखनियंत्रक डॉ. अजय खरे सहित अन्य मंचासीन रहे ।खेलकूद प्रतियोगिता 2022-23 के आयोजनकर्ता अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित कुमार शर्मा ने स्वागत उद्बोधन एवं 2 दिवसीय खेलों की संक्षिप्त जानकारी प्रदान की। 22वीं अंतर महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के अंतर्गत 10 महाविद्यालय के लगभग 450 खिलाड़ियों ने भाग लिया है। प्रतियोगिता में छिंदवाड़ा, रहली, खुरई, बालाघाट, गंजबासौदा, पवारखेड़ा, टीकमगढ़, रीवा, कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, जबलपुर एवं कृषि महाविद्यालय जबलपुर की खेलकूद की टीमें शामिल हुई है, इस प्रतियोगिता में इंडोर एवं आउटडोर खेलों में छात्र एवं छात्राओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल होकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मुख्यअतिथि कुलपति डॉ प्रमोद कुमार मिश्रा सहित अन्य अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र, मैडल एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया, ओवरऑल चैम्पियन की ट्रॉफी सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले कृषि महाविद्यालय जबलपुर को प्रदान की गई। कुलपति ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को भविष्य में इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिये शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का सफल संचालन सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. शेखर सिंह बघेल एवं आभार प्रदर्शन कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. पी.बी. शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में विश्वविद्यालय के खेलकूद अधिकारी डॉ. एस. के. निगम एवं डॉ.धर्मेंद्र नरवरिया, डॉ. अमित झा, श्री उमेश सिंह सहित अन्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# मलाइका अरोड़ा के लिए गुलाब का फूल लेकर पहुंची फैन

### एक्ट्रेस ने मुस्कुराते हुए किया एक्सेप्ट, फैंस ने की जेस्चर की तारीफ

**मुंबई, ईएमएस।** बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा आए दिन अपने लुक्स और अपनी फिटनेस को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। इस बीच मलाइका को उनके योग क्लास के बाहर स्पॉट किया गया, इस दौरान का एक वीडियो सामने आया है। जिसके देखने के बाद फैंस उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। दरअसल, इस वीडियो में मलाइका अरोड़ा हमेशा की तरह योगा क्लास के लिए घर से निकली थीं और रास्ते में उनकी फैन उन्हें एक गुलाब का फूल देते हुए नजर आईं। मलाइका ने अपनी फैन से फूल लिए और प्यार से उसके गाल पर हाथ फिराया। मलाइका से मिलकर उनकी फैन भी काफी खुश नजर आई। इस दौरान मलाइका ने अपनी फैन के साथ सेल्फी भी क्लिक करवाई। मलाइका का फैन के साथ इतना अच्छा जेस्चर देख लोग उनकी खूब तारीफ कर रहे हैं।

## मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी का कारनामा

# फर्जी फेकल्टी, भवन तक नहीं ऐसे कॉलेजों को एक शपथ पत्र में दी गई संबंद्धता



यशभारत समाचार

**जबलपुर, यशभारत। मप्र में एमबीबीएस, नर्सिंग और पैरामेडिकल कॉलेज की निगरानी व एग्जाम कराने का जिम्मा एमपी मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर का है। इसी यूनिवर्सिटी की 20 जनवरी यानी शुक्रवार को कार्यपरिषद की बैठक थी। बैठक में बेहद हास्यास्पद और आश्चर्यजनक निर्णय पर सहमति की गई. यह निर्णय था कि मप्र के जिन कॉलेजों की साल 2020-21 की मान्यता निरस्त कर दी गई थी, उसे शपथ पत्र लेकर बहाल किया जाएगा. यानी अब किसी कॉलेज में जमीन पर सुविधा भले ही न हो, लेकिन उसने शपथ पत्र पर जो लिखकर दे दिया, उसे मान लिया जाएगा. तर्क दिया जा रहा है कि यह निर्णय इसलिए लिया गया जिससे बच्चों का भविष्य खराब न हो।**

अब सवाल यह है कि जिन बच्चों के भविष्य की बात की जा रही है, वे तो बीते तीन साल से एग्जाम का इंतजार ही कर रहे हैं. इस बात पर कार्यपरिषद के सदस्य सुनील राठौर ने घोर आपत्ति भी ली है. उन्होंने राजभवन से लेकर सरकार के सभी अफसरों को मेल करके शिकायत की है कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णयों के खिलाफ जाकर यह संबंद्धता दी जा रही है, उन्होंने इसका विरोध भी किया है और वे जल्द राज्यपाल से मिलकर भी शिकायत करेंगे।

### क्या है मामला

बीते 2 से 3 साल में 200 से अधिक नर्सिंग और पैरामेडिकल कॉलेजों की मान्यता संसाधन की कमी बताकर खत्म की गई थी. करीब 140 की मान्यता बहाल कर दी गई और 60 कॉलेजों की अब करने की तैयारी है। जैसे कॉलेज का भवन, फेकल्टी, इंफ्रास्ट्रक्चर आदि. अब इन सभी चीजों की तस्दीक दो तरह से की जाएगी. पहली यह कि इसके लिए कॉलेज संचालक से शपथ पत्र लिया जाएगा और दूसरा वीडियो कॉलिंग के जरिए रिव्यू किया जाएगा। अब यूनिवर्सिटी का कहना है कि हम गलत ढंग से शपथ पत्र देने वाले के खिलाफ पांच लाख रुपए का जुर्माना लगाएंगे और आगामी तीन सत्र के लिए संबद्धता समाप्त कर दी जाएगी, गलत जानकारी दी तो एफआईआर भी कराई जाएगी।

### कब शुरू हुई गड़बड़ियां

प्रदेश में वर्ष 2011 में मेडिकल यूनिवर्सिटी की शुरूआत जबलपुर में की गई, वर्ष 2015 में पहली बार परीक्षा ली गई. इसमें एमबीबीएस, डेंटल, नर्सिंग, आयुर्वेदिक, यूनानी, होम्योपैथी, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, सिद्ध, पैरामेडिकल और अन्य मेडिकल डिग्री व डिप्लोमा संचालित करने वाले कॉलेजों की परीक्षा कराई जाती थी. एग्जाम की शुरूआत के दो साल बाद ही विभाग को शिकायत मिलने लगी कि यहां गड़बड़ियां हो रही है।

### तीन साल से अटकी हैं परीक्षाएं

जिन कॉलेजों की मान्यता का मामला अब तूल पकड़ रहा है, उनका मामला तीन साल से अटका हुआ है. साल 2020-21, 2021-22 और अब 2022-23 हो गया है. ऐसे करीब 15 हजार छात्र-छात्राएं हैं, जिनका न तो रजिस्ट्रेशन हुए हैं और न ही नामांकन हो पाए हैं।

# पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने महापौर ''अन्नू'' एवं परिजनों को दी सांत्वना

## मदन महल स्थित घर पर माताश्री स्व. चम्पा देवी सिंह जी को पुष्पांजलि अर्पित की



**जबलपुर। यशभारत।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष कमलनाथ शनिवार को महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' के मदन महल स्थित निज निवास पहुँचे और माताश्री स्व. श्रीमती चम्पा देवी सिंह जी को पुष्पांजलि अर्पित कर महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' एवं उनके परिवारजनों से बैठकर बातचीत कर सांत्वना प्रदान किया। इसके पूर्व पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ का घर आगमन पर महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने आत्मीय स्वागत किया। संगठन मंत्री मनोज सेठ ने बताया कि इस मौके पर मध्यप्रदेश शासन के पूर्व वित्त मंत्री एवं पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के तरूण भनोत, पूर्व सामाजिक न्याय मंत्री एवं पूर्व विधानसभा क्षेत्र के विधायक लखन घनघोरिया, विधायक विनय सक्सेना, पूर्व मंत्री सूश्री कौशल्या गोटिया, श्रीमती संध्या कुशवाहा, के साथ ग्रामीण अध्यक्ष राधेश्याम चौबे, वरिष्ठ पदाधिकारी नरेश सराफ, जगदीश सैनी, विजय कांती पटैल, ब्रजबिहारी पटैल, नन्हेलाल धुर्वे, गीता शरद तिवारी, कदीर सोनी, सनत जैन, रामजियत सिंग, इदिश तिवारी, दिनेश तामसेतवार, वलवंत गुर्जर, शेखर सोनी, अमरीश मिश्रा, अयोध्या तिवारी, अख्तर अंसारी, वकील अहमद अंसारी, अतुल बाजपेई, सत्येन्द्र चौबे, मतीन अंसारी, महेन्द्र गुप्ता, रज्जू सराफ, अनुपम जैन, जनी निगम, भानू सिंग, भाग्य श्री गोस्वामी, वसंती सिंगरहा, मनोज नामदेव, अरूण पवार, अनिल शर्मा, रूकमणी गोटिया, विष्णु विनोदिया, राजेन्द्र रजक, विजय चुन्ना, अंश गुजराल, शुशांत सिंग, भेड़ाघाट विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष चतुर्भुज सिंह, पार्षदगणों के साथ-साथ बड़ी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्यजनों के द्वारा भी महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू' को सांत्वना प्रदान किया।



## पनागर में रंजिश भुनने चाकू से हमला कर फाड़ दिया गाल



**जबलपुर, यशभारत।** पनागर में पुरानी रंजिश भुनाने आरोपी ने पीड़ित युवक से पहले तो जमकर गालीगलौच की और फिर जब युवक ने विरोध किया तो चाकू से गाल में दनादन वार कर बुरी तरह घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया। जिसके बाद युवक को तत्काल पनागर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं मामला दर्ज होने के बाद पुलिस आरोपियों को तलाश करने में जुटी है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि 33 वर्षीय महिला निवासी विनोवाभावे वार्ड पनागर ने बताया कि पनागर बस्ती का दीपू उर्फ दीपक कुशवाहा उसके घर आया और भाई गोविन्द कुशवाहा को पूछने लगा। इस दौरान उसने भाई गोविंदा को फ ोन लगाकर घर के सामने बुलाया , उसका भाई गोविन्दा आया तो पुरानी रंजिश को लेकर दीपक कुशवाहा उसके भाई के साथ गाली गलौज करते हुये जान से मारने की धमकी देने लगा, उसके भाई गोविन्दा ने गालियां देने से मना किया तो दीपक कुशवाहा ने चाकू से हमलाकर गोविन्दा का गाल लहुलुहान कर दिया। जिसके बाद भाई पनागर अस्पताल लेकर गये हैं।

## श्रीमती उमा चौरसिया का निधन



**जबलपुर, यशभारत।** सदर गली नं 23 निवासी श्रीमती उमा चौरसिया का निधन हो गया है जिनका अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया। वे सतीश चौरसिया की पत्नी व भारतीय जनता युवा मोर्चा कैंट मंडल महामंत्री कार्तिक चौरसिया की माता जी व विजया चौरसिया की भाभी थी।

# पति का शव सड़क पर पड़ा था, रात भर पत्नी जागकर कर रही थी घर आने का इंतजार

## मानेगांव में सड़क हादसा, युवक की मौत



**जबलपुर, यशभारत।** मानेगांव में सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। घटना की जानकारी परिजनों को सुबह लगी, मौके पर पहुंचे परिजनों ने देखा तो मृतक के सिर में गंभीर चोट के निशान थे, पास में क्षतिग्रस्त हालत में उसकी बाइक पड़ी हुई थी। इधर पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवाते मर्ग को जांच में लिया। घटना को लेकर परिजनों ने बड़ी मार्मिक बात करते हुए बताया कि मृतक मनोज कुलस्ते रोजाना की तरह ड्रिल मशीन चलाने के लिए अपने घर चरगवां से मानेगांव गया हुआ था। मनोज हर रोज रात 9 बजे तक लौट आता था और पूरे परिवार के साथ बैठकर खाना खाता था। देर रात तक जब वह घर नहीं लौटा तो उसकी पत्नी छोड़ सभी खाना खोकर सो गए। पत्नी पूरी रात पति के आने का इंतजार करती रही है लेकिन सुबह उसको सूचना मिली कि उसकी लाश सड़क किनारे पड़ी हुई है। यह सुनते ही पत्नी बदहवास हो गई, बच्चों को जानकारी लगी तो वह पापा को याद कर रोने लगे। मृतक के पूरे घर में मातम छा गया, मोहल्ले और परिचितों में दुखों का पहाड़ टूट गया। बताया जा रहा है कि मृतक मनोज मिलनसार था, सभी की मदद करना उसकी आदत थी। पत्नी-बच्चों के साथ पूरे परिवार का ख्याल मनोज ही रखता था।

## तृतीय पुण्यतिथि



हमारी बिटिया **शौर्या मिश्रा**

स्वर्गवास : 22.01.2020

ऐसा लगता है कि
खतम मेला हो गया,
उड़ गई आंगन से चिड़िया,
घर अकेला हो गया।

श्रद्धावनत्

द्वारका प्रसाद-मंजुला मिश्रा (पापा-मम्मी)
श्रीमति श्यामा बाई मिश्रा (दादी), श्रीमति निर्मला त्रिपाठी (नानी)
ओ.पी. तिवारी (फूफा), श्रीमति गीता पांडे (बुआ)
सुनील (मंझले)-सुमिता मिश्रा, सुधीर- वर्षा मिश्रा, संजय-श्वेता मिश्रा (चाचा-चाची)
ऋषभ, कौस्तुभ, किसलय, रुद्राक्ष, वेदांत मिश्रा (भाई)
दिव्यांशी, संस्कृति मिश्रा (बहन) एवं समस्त मिश्रा, त्रिपाठी, पाण्डे, तिवारी परिवार

# सगे भाईयों को बेकाबू कार ने रौंदा, एक की मौके पर ही मौत, दूसरा घायल





**जबलपुर, यशभारत।** अधारताल थाना अंतर्गत खजिरि खिरिया बायपास में बाइक सवार सगे भाईयों को बेकाबू कार चालक ने सरेराह कुचल दिया। हादसे के दौरान बाइक सवार वाहन समेत रोड से उछलकर दस फिट दूर सिर के बल जा गिरे। जिसमें से एक भाई ने मौके पर ही दम तोड़ दिया तो वहीं दूसरा बुरी तरह घायल हो गया। जिसे आनन फानन में मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने सूचना के बाद मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि मोहम्मद शौफीक 18 साल और तोफीक पिता मोहम्मद सिराज 19 साल, दोनों निवासी न्यू आनंद नगर हनुमानताल बाइक से घर जा रहे थे। तभी खजिरि खिरिया बायपास पर एक तेज रफ्तार कार ने दोनों बाइक सवारों को सीधी टक्कर मार दी। हादसे में मोहम्मद तौफीक की मौत हो गयी तो वहीं मोहम्मद शौफीक बुरी तरह घायल हो गया। जिसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस मामले की बारीकी से पड़ताल कर रही है।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*।
फोन ( 0761 ) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )